मध्यप्रदेश विधान सभा

(षोडश विधान सभा)

शासकीय आश्‍वासनों संबंधी समिति

का

तृतीय प्रतिवेदन

(जुलाई, 2011 सत्र, भाग —2)

(यह प्रतिवेदन में योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, वाणिज्यिक कर, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन, जेल, गृह , सामान्य प्रशासन, आयुष, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, राजस्व, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, नगरीय विकास एवं आवास, औद्योगिक, नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा जनजातीय कार्य विभाग के आश्‍वासनों से संबंधित)

(यह प्रतिवेदन दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को सदन में प्रस्तुत.)

विषय सूची

क्रमांक (1)	विषय (2)	पृष्ठ संख्या (3)
1.	समिति का गठन	एक
2.	प्रस्तावना	दो
3.	प्रतिवेदन में सम्मिलित विभागवार आश्वासनों की सूची	तीन
4.	विभागों के नाम:-	
	(1) योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी	01
	(2) वाणिज्यिक कर	03
	(3) सामाजिक न्याय एवं नि: शक्तजन कल्याण	06
	(4) पंचायत एवं ग्रामीण विकास	07
	(5) परिवहन	19
	(6) जेल	20
	(7) गृह	22
	(8) सामान्य प्रशासन	38
	(9) आयुष	43
	(10) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा	44
	(11) धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व	61
	(12) किसान कल्याण तथा कृषि विकास	62
	(13) राजस्व	73
	(14) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण	91

	(15) नगरीय विकास एवं आवास	95
	(16) औद्योगिक, नीति एवं निवेश प्रोत्साहन	109
	(17) लोक निर्माण	113
	(18) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	126
	(19) जनजातीय कार्य	132
5.	परिशिष्ट – " क " (आश्वासन क्रं 327 से संबंधित)	136
6.	परिशिष्ट – " ख " (आश्वासन क्रं 330 से संबंधित)	137
7.	परिशिष्ट – " ग " (आश्वासन क्रं 369 से संबंधित)	138

शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति का गठन
(वर्ष 2024-25)

सभापति

1. श्री हरिशंकर खटीक

सदस्यगण

2. श्री सुदेश राय
3. श्रीमती गायत्रीराजे पंवार
4. श्री मनोज निर्भयसिंह पटेल
5. श्री रमेश प्रसाद खटीक
6. श्री प्रदीप पटेल
7. श्रीमती मनीषा सिंह
8. श्री गौरव सिंह पारधी
9. श्री फूलसिंह बरैया
10. श्री विक्रान्त भूरिया
11. श्री दिनेश गुर्जर

विधान सभा सचिवालय

1.	श्री ए.पी.सिंह	. .	प्रमुख सचिव
2.	श्री अरविन्द शर्मा	. .	सचिव
3.	श्री वीरेन्द्र कुमार	. .	अपर सचिव
4.	श्री श्याम सुंदर राजपाल	. .	तकनीकी संचालक .
5.	श्री नरेन्द्र मिश्रा	. .	अवर सचिव
6.	श्रीमती कुन्दा जाम्भुलकर	. .	अनुभाग अधिकारी
7.	श्री रवीन्द्र चिकटे	. .	सहायक ग्रेड-2
8.	श्री अभिनव शर्मा	. .	सहायक ग्रेड-3.

प्रस्तावना

- मैं, शासकीय आश्वासनों सम्बन्धी समिति का सभापति, समिति की ओर से प्राधिकृत होकर समिति का **तृतीय प्रतिवेदन (भाग-2)** (षोडश विधान सभा) सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

- यह समिति मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 224(1) के अन्तर्गत 16 अगस्त , 2024 को गठित की गई है।

- इस प्रतिवेदन में, **जुलाई 2011 सत्र (भाग-2)** में माननीय मंत्रीगणों द्वारा दिये गये आश्वासनों पर शासन द्वारा की गई कार्यवाही का परीक्षण कर विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव का मौखिक साक्ष्य लिया गया तथा विचारोपरांत आश्वासनों को प्रतिवेदन में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया एवं उस पर समिति की अभ्युक्ति दी गई है।

- समिति की बैठक **दिनांक 17.12.2024** में समिति द्वारा उक्त प्रतिवेदन के प्रारूप पर विचार कर अंगीकृत किया गया।

- समिति के सभी माननीय सदस्यों का मैं व्यक्तिगत रूप से भी आभार व्यक्त करता हूँ , जिनका सहयोग मुझे प्रत्यक्ष रूप से मिला है।

- समिति प्रतिवेदन में सम्मिलित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने यथासमय विभागीय कार्यवाही एवं जानकारी प्रेषित कर सहयोग प्रदान किया।

- समिति विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने समिति के कार्य में निरंतर सहयोग प्रदान किया।

स्थान : भोपाल

दिनांक : 17.12.2024

हरिशंकर खटीक

सभापति,

शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति

प्रतिवेदन में सम्मिलित विभागवार आश्वासनों की सूची

क्र.	विभाग का नाम	आश्वासन क्रमांक
1.	योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग	03, 04, 05, 06, 07, 08
2.	वाणिज्यिक कर विभाग	09, 10, 11, 12
3.	सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग	13
4.	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 38, 39, 40, 41, 42, 43
5.	परिवहन विभाग	44
6.	जेल विभाग	45, 46
7.	गृह विभाग	47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80
8.	समान्य प्रशासन विभाग	81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91
9.	आयुष विभाग	94, 95, 109

10.	लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग	130, 131, 132, 133, 134, 135, 136, 137, 138, 139, 140, 141, 142, 143, 144, 145, 146, 147, 148, 149, 150, 151, 152, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 161, 162, 163, 164, 165, 166, 167, 168, 169, 170, 171, 172, 173, 174, 175, 176, 177, 178, 179, 180, 181, 183
11.	धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग	198
12.	किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग	199, 200, 201, 202, 203, 204, 205, 206, 207, 208, 209, 210, 211, 212, 213, 214, 215, 216, 217, 218, 219, 220, 221, 222, 223, 224, 225
13.	राजस्व विभाग	227, 228, 229, 230, 231, 232, 233, 234, 235, 236, 237, 238, 239, 240, 241, 242, 243, 244, 245, 246, 247, 248, 249, 250, 251, 252, 253, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 264, 265, 266, 267, 268, 269, 270, 271, 272, 273, 274, 275
14.	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	226, 277, 278, 279, 280, 281, 282, 283

15.	नगरीय विकास एवं आवास विभाग	118, 286, 287, 288, 289, 290, 291, 292, 293, 294, 295, 296, 297, 298, 299, 300, 301, 302, 303, 304, 305, 306, 307, 308, 309, 310, 311, 312, 313, 314, 315, 316, 317, 318, 319, 320, 321, 322, 323, 324
16.	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन	325, 326, 327, 328, 329, 330, 331, 332, 333
17.	लोक निर्माण विभाग	341, 342, 343, 344, 345, 346, 347, 348, 349, 350, 351, 352, 353, 354, 355, 356, 357, 358, 359, 360, 361, 362, 363, 364, 365, 366, 367, 368, 369, 370, 371
18.	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	373, 374, 375, 376, 377, 378, 379, 380, 381, 382, 383, 384, 385, 386, 387
19.	जनजातीय कार्य विभाग	412, 413, 414, 415, 416, 417, 418, 419

जुलाई, 2011 सत्र
(1) योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	03	ता.प्र.सं. 01 (क्र. 120) दि. 11.07.2011	(1) भिण्ड जिले के माननीय सदस्यों द्वारा अनुशंसित स्वैच्छा अनुदान के प्रस्तावों पर कार्यवाही न करने से राशि लैप्स होने की जांच एवं दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही । (2) माननीय विधायकों को दी जाने वाली स्वेच्छानुदान की राशि एक सप्ताह के अंदर रिलीज किये जाने के निर्देश जारी किये जाना तथा मा. विधायक द्वारा प्रस्ताव न भेजे जाने पर राशि लेप्स न कर उसका आने वाले सप्लीमेंट्री बजट में प्रावधान किया जाना । (3) मा. विधायकों द्वारा दी जाने वाली स्वेच्छानुदान की राशि के दो हजार रूपये के बेयरर चेक विधायक द्वारा प्रमाणित करने के बाद संबंधित को दिये जाने की कार्यवाही।	(1) जांच रिपोर्ट आने के बाद उन पर कार्यवाही की जायेगी । (2) इसमें किसी तरह का विलंब न हो उसके लिये व्यवस्था बन रही है और वैसी ही व्यवस्था कर दी जाएगी । राशि अगर मा. विधायक जी की गलती भी होगी या उन्होने प्रस्ताव न भेजे होंगे तो छोड़ दें अन्यथा उनकी राशि लेप्स नहीं होने दी जायेगी उसका आने वाले सप्लीमेन्ट्री बजट में उसका प्रावधान कर दिया जाएगा । (3) अब मैं निश्चित रूप से उसका परीक्षण करवाऊंगा ।	(1) लेप्स राशि पुर्नावंटन रू. 39000 दिनांक 15.02.11 को जारी कर दिया गया है । राशि का उपयोग उसी वित्तीय वर्ष में कर लिया गया है। अत: कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता । (2) समस्त कलेक्टर को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3942/2011/ 23/योआसां/17/पी.आई.डी./वि.नि./25.07.2011 द्वारा स्वेच्छानुदान की राशि संबंधित हितग्राहियों को अधिकतम 7 दिवस के अवधि में भुगतान करने के निर्देश जारी किये गये । (3) कार्यवाही की जा रही है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-5-50/2011/23/यो.आ.सां., दिनांक 29.09.2012	कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किये जाने की शर्त पर समिति प्रकरण समाप्त करने की अनुशंसा करती है।
2.	04	परि.ता.प्र.सं. 28 (क्र. 149) दि. 11.07.2011	बालाघाट जिले के बैहर में बेहरा भाटा प्रतीक्षालय का निर्माण का कार्य पूर्ण न किये जाने के दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही ।	राशि वसूली की कार्यवाही प्रचलन में है ।	विधान सभा निवार्चन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 108 बैहर के अंतर्गत ग्राम बेहराभाटा में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण हेतु राशि रू. 1.33 लाख स्वीकृत की गई थी। उक्त स्वीकृत राशि से कार्य पूर्ण करा लिया गया है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-9-97/2011/23/यो.आ.सां., दिनांक 16.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
3.	05	परि.ता.प्र.सं. 81 (क्र. 1521) दि. 18.07.2011	रायसेन जिले में जनभागीदारी योजनान्तर्गत स्वीकृत राशि से गत पांच वित्तीय वर्षों में कराये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन।	भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त की जा रही है।	रायसेन जिले में जनभागीदारी योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि से गत पांच वित्तीय वर्षों में कराये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन अधिकारियों द्वारा कराया। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-9-65/2012/23/यो.आ.सां., दिनांक 23.05.2012	कोई टिप्पणी नहीं
4.	06	अता.प्र.सं. 63 (क्र. 1518) दि. 18.07.2011	प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जनसंपर्क निधि से राघौगढ़ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सेमराचांच में भजन कीर्तन मण्डली एवं सेमराचांच में वाद्ययंत्र क्रय हेतु उपलब्ध कराई गई राशि लैप्स होने की जांच।	जांच कर कार्यवाही की जावेगी।	कलेक्टर गुना के आवंटन आदेश क्र. लेखा/6-17/2011-12/2/ 58, दिनांक 19.11.2011 द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवंटित की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरोन द्वारा चेक क्र. 524589, दिनांक 22.09.2011 से राशि रूपये 5000/- का भुगतान किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-9-61/2011/23/यो.आ.सां., दिनांक 28.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं
5.	07	अता.प्र.सं. 78 (क्र. 1579) दि. 18.07.2011	जिला सांख्यिकी अधिकारियों को आहरण संवितरण के अधिकार प्रदान करने पर कार्यवाही।	प्रशासनिक एवं आहरण संवितरण के अधिकार सौंपे जाने की कार्यवाही की जावेगी।	योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के आदेश क्र. 1878/2011/23/यो.आ.सां. दिनांक 12.10.11 द्वारा ऐसे जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालयों में जहां जिला सांख्यिकी अधिकारी एवं जिला योजना अधिकारी दोनों ही पद रिक्त है वहां पदस्थ वरिष्ठ सहायक सांख्यिकी अधिकारी (समयमान वेतनमान में रूपये 8000-275-13,500 का वेतनमान प्राप्त कर रहे है) को जिला सांख्यिकी अधिकारी का प्रभार समय-समय पर सौंपा जाता है। राज्य शासन द्वारा ऐसे प्रभारी जिला सांख्यिकी अधिकारियों को संबंधित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी/ जिला योजना अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने तक के लिए प्रत्यायोजित किये गये है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-9-63/2011/23/यो.आ.सां., दिनांक 21.03.2012	कोई टिप्पणी नहीं
6.	08	अता.प्र.सं. 82 (क्र. 1590) दि. 18.007.2011	लहार एवं रौन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों हेतु उपलब्ध कराई गई विधायक निधि लैप्स होने पर पुन: स्वीकृत की जाना।	वर्ष 2011-12 में अनुपूरक बजट में प्रावधान हेतु प्रस्तावित किया जावेगा।	विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत विधानसभा लहार के विकासखण्ड रौन में स्वीकृत कार्यों की राशि 8.50 लाख बैंक से चेकों का क्लीयन्स न होने के कारण उपरोक्त राशि लेप्स हो गई थी जो वर्ष 2011-12 में लेप्स राशि का पुर्नवांटन उपलब्ध कराने के परिणाम स्वरूप राशि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन को दिनांक 05.11.2011 को जारी की जा चुकी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-9-60/2012/23/यो.आ.सां., दिनांक 28.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं

जुलाई, 2011 सत्र
(2) वाणिज्यिक कर विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
7.	09	परि.ता.प्र.सं. 28 (क्र. 597) दि. 18.07.2011	3 फरवरी को सरदारपुर में शराब के जप्त ट्रक को राजसात किया जाकर ट्रक मालिक के विरूद्ध कार्यवाही।	कार्यवाही जारी है। प्रकरण में अभी अनुसंधान/जांच की कार्यवाही जारी है।	न्यायालय कलेक्टर, जिला धार के प्रकरण क्रमांक 21/2010-11/आबकारी, जिला धार में पारित आदेश दिनांक 13.01.2012 अनुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47 क (3) (ख) के अंतर्गत सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिये जाने हेतु प्रकरण में आरोपी अज्ञात होने से जप्त वाहन क्रमांक GJ-10 V-5944 के वाहन स्वामी को जानकारी प्रस्तुत करने हेतु थाना प्रभारी पुलिस थाना सरदारपुर को न्यायालयीन पत्र क्रमांक 161 दिनांक 18.03.2011 से निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी, सरदारपुर द्वारा अवगत कराया गया कि आर.टी.ओ. जामनगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त जप्त वाहन (ट्रक) मारूति मोटर्स ट्रांसपोर्ट कंपनी प्रायवेट लिमिटेड, श्रीजी शापिंग सेंटर सिक्का पातिया, जिला जामनगर गुजरात के नाम दर्ज है। प्रस्तुत जानकारी पर प्रकरण में अनावेदक वाहन स्वामी को सूचना पत्र जारी किया गया। थाना प्रभारी, पुलिस थाना, सरदारपुर ने पत्र क्रमांक 1044 दिनांक 22.06.2011 द्वारा अवगत कराया कि वाहन स्वामी को सूचना पत्र तामील कराने हेतु गये आरक्षक द्वारा प्रस्तुत पंचनामा अनुसार उक्त ट्रांसपोर्ट कंपनी विगत पांच वर्षों से वहां पर नहीं होने से सूचना पत्र तामील नहीं हो सका। प्रकरण में जप्त वाहन क्रमांक GJ-10 V-5944 ट्रक के स्वामी का पता ज्ञात नहीं होने से वाहन (ट्रक) स्वामी के लिए जाहिर सूचना का प्रकरण दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 28.12.2011 को किसी के उपस्थित नहीं होने से एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर दिनांक 13.01.12 को जारी आदेश में कलेक्टर न्यायालय, जिला धार द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित-2000) की धारा 47 क (2) के अंतर्गत थाना सरदारपुर द्वारा अवैध रूप से परिवहित की जा रही विभिन्न	समिति इस अनुशंसा के साथ प्रकरण समाप्त करती है कि विभाग मा. न्यायालय के निर्णयानुसार दोषियों पर कार्यवाही करेगा।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
					ब्राण्ड्स की विदेशी मदिरा (स्पिरिट) की कुल 1920 बोतल एवं हेवर्डस् 5000 (500 एम.एल.कैन) बीयर की 468 बोतल कुल मात्रा 1674.0 बल्क लीटर (जप्ती पंचनामा अनुसार) एवं परिवहन के उपयोग में लाये जा रहे वाहन क्रमांक GJ-10 V-5944 को मध्यप्रदेश शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। उक्त जप्त वाहन (ट्रक) क्रमांक GJ-10 V-5944 एवं जप्त शराब को न्यायालय कलेक्टर, जिला धार के उपरोक्त आदेश पृ.क्रमांक 66/रीडर-1/2012, दिनांक 13.01.2012 द्वारा राजसात किया जाकर उक्त वाहन को कलेक्टर जिला धार द्वारा रूपये 3,25,000/- में दिनांक 19.03.2013 को नीलाम किया जाकर नीलाम राशि शासन के राजस्व लेखे में जमा कराई जा चुकी है। थाना प्रभारी, पुलिस थाना सरदारपुर के संदर्भित पत्र दिनांक 19.6.2014 अनुसार अपराध क्रमांक 43/11 धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट में विवेचना जारी रखते हुए प्रकरण में पश्चात्वर्ती अनुसंधान में आरोपी वाहन स्वामी के रूप में अनिल पिता मथुरा प्रसाद नागपाल, निवासी अहमदाबाद को चिन्हित करते हुए अभियोग पत्र क्रमांक 38/12 दिनांक 10.02.2012, फौजदारी मुकदमा नंबर 290/14.2.2012 समक्ष दाण्डिक न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण वर्तमान में माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2599/1462/2011/2/पांच, दिनांक 17.10.2014	
8.	10	अता.प्र.सं. 18 (क्र. 599) दि. 18.07.2011	सिल्वर ओक इंडिया लिमिटेड पीथमपुर जिला धार के फैक्ट्री मालिक, मैनेजर तथा वाहन मालिक के विरूद्ध अवैध रूप से शराब निर्यात किये जाने के दर्ज अपराधिक प्रकरण पर कार्यवाही।	प्रकरण में अभी विवेचना जारी है।	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला इंदौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मानपुर के अप.क्र. 144/10 धारा 34(1)क (2) आबकारी अधिनियम एवं 120-बी भादवि के प्रकरण में वाहन का चालक आरोपी भारत सिंह पिता बाबूसिंह निवासी घाटा बिल्लोद, बेटमा, जिला इंदौर एवं सिल्वर ओक इंडिया लिमिटेड पीथमपुर, जिला धार की फैक्ट्री के सहायक मैनेजर अहमद कुरैशी पिता मो.अजीम निवासी 110 सेक्टर, 1 पीथमपुर जिला धार को गिरफ्तार किया जाकर अभियोग पत्र मान. न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 15-77/2011/2/पांच, दिनांक 13.07.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
9.	11	अता.प्र.सं. 22 (क्र. 695) दि. 18.07.2011	राज्य सरकार द्वारा केन्द्र से चर्चा कर डोडा चूरा नीति का निर्धारण किया जाना।	जी हां।	वर्ष 2011-12 हेतु निर्धारित पॉपीस्ट्रा नीति के अनुसार ही वर्ष 2011-12 हेतु पॉपीस्ट्रा नीति, मंत्री-मण्डल द्वारा स्वीकृत की गई है, तद्नुसार वर्ष 2;012-13 के लिये पी.एस.-2 एवं पी.एस.-3 लायसेंसों का निष्पादन किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से चर्चा कर "डोडा चूरा की नीति के निर्धारण किये जाने के आश्वासन" के संबंध में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 30 नवम्बर, 2011 द्वारा नीति विषयक यथोचित अनुशंसा करने के लिये समिति गठित की गई है। समिति की अनुशंसा के अनुसार इस विषय में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** बी-15-71/2011/2/पांच, दिनांक 14.03.2012	समिति इस अपेक्षा के साथ प्रकरण समाप्त करती है कि सा.प्र.वि. द्वारा गठित निती विषयक यथोचित अनुशंसा करने के लिये समिति की अनुशंसा अनुसार विभाग अग्रिम कार्यवाही करेगा।
10.	12	अता.प्र.सं. 37 (क्र. 1136) दि. 18.07.2011	(1) टीकमगढ़, खरगौन व बड़वानी में शासनादेशों के तहत मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग में चतुर्थ श्रेणी को समयमान एवं एरियर का लाभ दिया जाना। (2) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सहायक ग्रेड 3 पर पदोन्नति की कार्यवाही।	(1) समयमान एवं एरियर देने की कार्यवाही की जा रही है। (2) पदोन्नति हेतु कार्यवाही की जा रही है।	(1) टीकमगढ़ में जिला पंजीयक के आदेश दिनांक 02.7.11 द्वारा खरगोन में जिला पंजीयक के आदेश दिनांक 11.7.11 व बडवानी में जिला पंजीयक के आदेश दिनांक 20.7.11 द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को समयमान एवं एरियर का लाभ स्वीकृत किया गया है। (2) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति आदेश दिनांक 5.11.11, 9.11.11, 26.11.11 एवं 7.1.12 को जारी किये जा चुके हैं। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** बी-15-68/2011/2/पांच, दिनांक 18.01.2012	कोई टिप्पणी नहीं

जुलाई, 2011 सत्र
(3) सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
11.	13	परि.ता.प्र.सं. 04 (क्र. 179) दि. 18.07.2011	जनपद पंचायत पन्ना एवं अजयगढ़ में वृद्धावस्था/विधवा पेंशन के प्रकरणों का निराकरण।	कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।	जनपद पंचायत पन्ना एवं अजयगढ़ में वृद्धावस्था योजना के 81 प्रकरणों तथा विधवा पेंशन योजना के 16 प्रकरणों के स्वीकृति क्रमश: आदेश क्र.1799 दिनांक 20.7.11 तथा क्र. 1792 दिनांक 20.7.11 को पेंशन स्वीकृत कर माह अगस्त 2011 में पेंशन राशि का भुगतान किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 5-137/2011/26/2, दिनांक 06.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं

जुलाई, 2011 सत्र
(4) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
12.	14	परि.ता.प्र.सं. 07 (क्र. 265) दि. 18.07.2011	अध्यक्ष जिला पंचायत कटनी द्वारा वाटर शेड योजना के अंतर्गत ग्राम स्तरीय समितियों द्वारा कराये गये कार्यों की जांच एवं कार्यवाही।	कार्यवाही प्रगति पर है।	अध्यक्ष जिल पंचायत कटनी द्वारा वाटरशेंड कार्यो की गुणवत्ता एवं मात्रा का मूल्यांकन कराये जाने के निर्देश के परिपालन में जिला पंचायत द्वारा आदेश क्रमांक 21238/आई.डब्ल्यू.एम.पी./जिप./2011 दिनांक 13.02.2011 द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर आई.डब्ल्यू.एम.पी.-2 मिली वाटरशेड उमरिया विकास खण्ड बडवारा की तीन वाटरशेड समितियों, ग्राम पठना, ग्राम बडागांव एवं ग्राम बडवाराखुर्द (बठरवारा) द्वारा कराये गये कार्यो की गुणवत्ता एवं मात्रा का मुल्यांकन कराया गया। तीप सदस्यीय समितिद्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में तीनों वाटरशेड समितियों द्वारा कराये गयें कार्य, परियोजना अंतर्गत कार्यो के लियें जारी प्राक्कलन/तकनीकी स्वीकृति एवं माप पुस्तिका में दर्ज मूल्यांकन के अनुरूप मौके पर पाया गया जो, गुणवत्ता पूर्ण है। योजनांतर्गत वृक्षारोपण के कार्य भी कराये गये है। ततसमय सूखे की स्थिति एवं पशुओं द्वारा नष्ट कर दिये जाने के कारण पौधो की संख्या कम है। मिली वाटरशेड उमरिया विकास खण्ड बडवारा में आई.डब्ल्यू.एम.वी. 2 अंतर्गत कराये गये कार्य की गुणवत्ता एवं मात्रा संतोषजनक है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 6550/22/वि-10/ग्रायांसे, दिनांक 17.09.2014	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
13.	15	परि.ता.प्र.सं. 10 (क्र. 305) दि. 18.07.2011	रतलाम ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 में निर्माणाधीन सड़कों का कार्य पूर्ण किया जाना।	मार्च, 2012 तक पूर्ण होने की संभावना है।	ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। वर्ष 2010-11 में स्वीकृत सभी 11 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा वर्ष 2011-12 में स्वीकृत 7 कार्यों में से 04 कार्य पूर्ण हो चुके है। शेष 03 कार्य अक्टूबर 2014 तक पूर्ण करा लिया जावेगें। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 6550/22/वि-10/ग्रायांसे, दिनांक 17.09.2014	कोई टिप्पणी नहीं
14.	16	ता.प्र.सं. 08 (क्र. 92) दि. 11.07.2011	एस.डी.एम. पन्ना द्वारा श्री डी.के. नागेन्द्र द्वारा ग्राम पंचायत रानीगंज पुरवा एवं ग्राम पंचायत रजोपुरा में वर्ष 2008-09 से प्रश्न दिनांक तक कराये गये कार्यों के संबंध में दिये गये जांच प्रतिवेदन पर कार्यवाही।	तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन के परीक्षण उपरांत संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।	कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण सेवा, पन्ना से प्राप्त प्रतिवेदन क्रमांक 1876 दिनांक 28.06.2012 के अनुसार 1. स्टापडेम कम रपटा निर्माण रजोरपुरा कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कार्य की गुणवत्ता संतोषप्रद है। 2. पुलिया निर्माण रानीगंजपुरवा का कार्य पूर्ण हो चुका है, कार्य की गुणवत्ता संतोषप्रद है। चूंकि कार्य की गुणवत्ता संतोषप्रद है, अत: किसी के विरूद्ध कार्यवाही का कोई औचित्य नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 9192/MGNREUS-MP/NR-11/वि.स./2012, दिनांक 26.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं
15.	17	ता.प्र.सं. 15 (क्र. 157) दि. 11.07.2011	सांची विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत पंचायत भवनों का निर्माण।	स्वीकृति प्राप्त होने पर वर्क आर्डर के उपरांत 1 वर्ष में भवनों को पूर्ण कराया जा सकेगा।	सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इस कार्यालय को 13 ग्राम पंचायत भवन स्वीकृत हुये थे। जिसमें से 11 पंचायत भवनों के निर्माण हेतु स्थल उपलब्ध नहीं होने के कारण निरस्त हेतु जिला पंचायत रायसेन को समर्पित किये गये। कार्यपालन यंत्री, ग्रा.या.से. संभाग रायसेन के पत्र दि. 05.05.2015 द्वारा शेष 02 ग्राम पंचायत भवन परवरिया एवं पीपलखिरिया का सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है, विद्युतीकरण कार्य शेष है। शेष विद्युतीकरण कार्य माह जून 2015 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 10-113/2011/22/पं-1, दिनांक 16.06.2015	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
16.	18	ता.प्र.सं. 20 (क्र. 13) दि. 11.07.2011	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जनपद क्षेत्र भितवार एवं घाटेगांव मैदानी अधिकारी/ कर्मचारियों के रिक्त पदों की पूर्ति ।	रिक्त पदों की पूर्ति पदस्थापना उपरांत की जावेगी ।	जनपद पंचायत भीतरवार में दिनांक 28.7.2012 को एक उपयंत्री की पदस्थापना कर दी गई है । ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में वर्तमान में उपयंत्री के लगभग 30 प्रतिशत पद रिक्त है, रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही प्रचलन में है, व्यापम से चयनित उपयंत्री की सूची प्राप्त हो चुकी है, जनपद पंचायत घाटीगांव (बरई) में दिनांक 01.04.2013 को श्री रामलखन बैरवा नवनियुक्त उपयंत्री की पदस्थापना कर दी गई है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 10-115/2011/22/पं-1, दिनांक 26.06.2013	कोई टिप्पणी नहीं
17.	19	परि.ता.प्र.सं. 13 (क्र. 61) दि. 11.07.2011	भोपाल संभाग की जिला पंचायतों में आडिटर की नियुक्ति में अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही ।	जांच प्रचलित है ।	आश्वासन के परिपालन में कलेक्टर विदिशा द्वारा जांच प्रतिवेदन पत्र क्र. 7792/लेखा/जिप/दि. 29.07.11 से प्राप्त शिकायत में वर्णित तथ्यों की पुष्टि न होना प्रतिवेदित किया गया है । उक्त प्रतिवेदन की आयुक्त भोपाल संभाग द्वारा भी पुष्टि की गई है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 15-320/22/वि-8/यानिट/2013, दिनांक 23.12.2014	कोई टिप्पणी नहीं
18.	20	परि.ता.प्र.सं. 27 (क्र. 142) दि. 11.07.2011	भोपाल संभाग की जनपद पंचायतों में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ दिया जाना ।	वित्तीय वर्ष तक पूर्ण किया जावेगा।	भोपाल संभाग की जनपद पंचायतों में मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2011-12 में कुल 131 हितग्राहियों को लाभान्वित करने की लक्ष्य पूर्ति पूर्ण कर ली गई है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 8930/22/वि-7/ग्रा.आ./वि.स./2012, दिनांक 05.07.2012	कोई टिप्पणी नहीं
19.	21	ता.प्र.सं.12 (क्र. 51) दि. 11.07.2011	जिला पंचायत जिला बैतूल द्वारा नियुक्त किये गये परियोजना अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य की शिकायत पर कार्यवाही ।	जांच की कार्यवाही जारी है ।	विचाराधीन शिकायत की जांच आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग, होशंगाबाद द्वारा तीन सदस्यी जांच दल का गठन किया जाकर कराई जांच प्रतिवेदन अनुसार शिकायत निराधार पाई गई हैं । आश्वासन पर कार्यवाही पूर्ण की गई । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 30672/22/वि-9/RUM/2014 दिनांक 10.09.2014	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
20.	22	अता.प्र.सं. 23 (क्र. 97) दि. 11.07.2011	भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरी के पूर्व सरपंचों से राशि की वसूली।	राजेन्द्र सिंह से शेष राशि रू. 1,15,475 की वसूली एवं श्री अशोक सिंह से संपूर्ण राशि की वसूली की कार्यवाही प्रचलित है।	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिण्ड द्वारा अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत उमरी के पूर्व सरपंच श्री राजेन्द्र सिंह व अशोक सिंह से बकाया राशि वसूली प्रकरण प्रचलित है अभी राशि वसूल नहीं हुयी है। वसूली की कार्यवाही जारी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 303/22/वि-7/ग्रा.आ/वि.स./2011, दिनांक 09.01.2012 <u>अद्यतन जानकारी</u> :- 01 ग्राम पंचायत उमरी के पूर्व सरपंच श्री राजेन्द्र सिंह से शेष राशि रू. 1,15,475/- की वसूली का प्रकरण क्रमांक 17/97-98/अ.89(19) न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिण्ड में दर्ज है। जिसमें रूपये 75000/- की वसूली की जा चुकी है। शेष राशि की वसूली की कार्यवाही हेतु गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। 02 ग्राम पंचायत उमरी के पूर्व सरपंच अशोक सिंह पर पंचायत की बकाया राशि रूपये 8,73,280/- की वसूली हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा प्रकरण क्र. 32/10अ-89 अ-19 में दर्ज किया जाकर रूपये 13000/- की वसूली की गई है। शेष राशि की वसूली की कार्यवाही हेतु गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उक्त न्यायालयीन प्रवृत्ति का है शेष वसूली न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत होगी। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2964/22/वि-7/ग्रा.आ/वि.स./2013, दिनांक 25.03.2014	समिति इस अनुशंसा के साथ प्रकरण समाप्त करती है कि मा. न्यायालय के निर्णयानुसार शेष राशि की वसूली करेगा।
21.	23	अता.प्र.सं. 25 (क्र. 101) दि. 11.07.2011	जिला बड़वानी के विकासखण्ड पानसेमल के ग्राम बालझिरी से भेदराणा तक सड़क निर्माण हेतु निकाली गई राशि से सड़क निर्माण न करने के जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही।	कार्यवाही प्रचलन में है।	अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल इंदौर के पत्र क्र. 1334 दिनांक 06.06.15 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिला बड़वानी के विकासखण्ड पानसेमल के ग्राम बालझिरी में मेदराणा तक सड़क हेतु आहरित की गई राशि से सड़क निर्माण न करने के लिये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कलेक्टर जिला बड़वानी के द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 3412/22/वि-10/ग्रायांसे/15, दिनांक 23.06.2015	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
22.	24	अता.प्र.सं. 38 (क्र. 144) दि. 11.07.2011	राजगढ़ जिले की विधान सभा क्षेत्र ब्यावरा में निर्माण कार्य में अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही।	एक शिकायत की जांच गतिशील है।	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, राघौगढ़, जिला गुना द्वारा उनके पत्र क्र. 3187/स्था./2011 राघौगढ़, दिनांक 24.11.2011 द्वारा सूचित किया गया कि श्री अरूण कुमार शिवहरे, उपयंत्री दिनांक 30.08.2006 से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, संजय सागर शीर्ष कार्य उपसंभाग-1 राघौगढ़ में पदस्थ थे, तथा इनके नाम ठेकेदारी हेतु कोई पंजीयन नहीं है। कार्यपालन यंत्री के पत्र से स्पष्ट है कि श्री ए.के. शिवहरे इनके अधीन उपयंत्री है, एवं उनके नाम पर ठेकेदारी का पंजीयन नहीं है। अत: शिकायत निराधार है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 8275/22/वि-12/आ.प्र./2014, दिनांक 05.05.2015	कोई टिप्पणी नहीं
23.	25	अता.प्र.सं. 41 (क्र. 151) दि. 11.07.2011	जनपद पंचायत के कर्मचारियों को शासकीय कर्मचारियों के अनुरूप पेंशन व अन्य सुविधाएं दी जाना।	कार्यवाही प्रचलन में है।	जनपद पंचायत के कर्मचारियों को विभागीय आदेश क्रमांक एफ 2-24/2009/22/पं.-1, दिनांक 11.6.12 को पेंशन योजना का लाभ दिये जाने हेतु आदेश जारी किये जा चुके है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 10/114/2011/22/पं.1, दिनांक 18.06.2012	कोई टिप्पणी नहीं
24.	26	ध्यानाकर्षण सूचना (क्र. 333) दि. 19.07.2011	(1) वर्ष 2007-08 में जिला सीधी में मनरेगा योजना तहत जेटोफा प्लांटेशन में प्राप्त शिकायतों की जांच में दोषी पाये गये अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही। (2) सीधी जिले में मनरेगा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जेटोफा प्लांटेशन में की गई अनियमितताओं की जांच में दोषी पाये गये सीधी के तत्कालीन कलेक्टर श्री सुखवीर सिंह एवं तत्कालीन सी.ई.ओ. श्री बोरकर के विरूद्ध कार्यवाही। (3) सीधी जिले में जोटोफा के प्लांटेशन में की गई अनियमितता की तीनों जांच रिपोर्ट को समेकित कर सामान्य प्रशासन विभाग को भेजकर उस पर कार्यवाही की	(1) शासकीय धनराशि में वित्तीय अनियमितता किये जाने के कारण संबंधितों से वसूली की कार्यवाही की जा रही है। (2) हमने सामान्य प्रशासन विभाग को लिखा है कि ऐसे अधिकारी जो हमारी जांच में दोषी पाये गये है उनके विरूद्ध वे शीघ्रतीशीघ्र वे कार्यवाही करे और कार्यवाही भी समय सीमा में सुनिश्चित करवाएगें। (3) जो कुछ भी अनियमितता हुई है वो सारी की सारी अनियमितताएं तीनों जांच रिपोर्ट में आ चुकी है उनको समेकित करके जी.ए.डी. के लिए प्रेषित कर दिया है और मुझे जहां तक विश्वास है कि जी.ए.डी. जल्दी से जल्दी इस पर एकशन ले लेगा में मुख्यमंत्री जी से निवेदन	प्रकरण में वित्तीय हानि नहीं हुई है। प्रक्रियात्मक त्रुटियों के लिये निम्नानुसार कार्यवाही की गई :- सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्र. डी/2/22/2008/6/एक दिनांक 01.06.2012 के द्वारा श्री बी.चन्द्रशेखर बोरकर को भविष्य में प्रक्रियाओं का पालन करने हेतु सचेत करने हुए प्रकरण सामप्त किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्र. डी-2/22/2008/6/एक दिनांक 01.06.2012 द्वारा श्री सुखवीर सिंह, भाप्रसे कलेक्टर सीधी से माँगे गये स्पष्टीकरण के उत्तर पर राज्य शासन ने श्री सुखवीर सिंह भाप्रसे की भविष्य के लिये प्रक्रियाओं का पालन करने हेतु सचेत करते हुये इनके सापेक्ष यह प्रकरण समाप्त किया गया। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 10/114/2011/22/पं.1, दिनांक 18.06.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
			जाना।	करूंगा। (4) जी.ए.डी. जल्दी जल्द कार्यवाही करे इस संबंध में मुख्यमंत्री जी से विशेष अनुरोध करूंगा और कार्यवाही के बारे में सदन को अवगत कराऊंगा।		
25.	27	अता.प्र.सं. 30 (क्र. 914) दि. 18.07.2011	रीवा जिले के जनपद शिक्षा केन्द्र जवा अंतर्गत संचालित वैकल्पिक शाला गोडिया में कार्यरत स्व सहायता समूह को बिना कार्य के चावल एवं राशि दी जाने की जांच एवं दोषी अधिकारी पर कार्यवाही कर चावल/राशि शासन के कोष में जमा की जाना।	शाला गोड़िया में कार्यरत स्व-सहायता समूह की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।	मुख्य कार्यपानल अधिकारी जिला पंचायत रीवा के पत्र क्र. 6763/स्था.-एमडीएम/वि.स./2014 रीवा, दि. 13.11.2014 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि :- • मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत ईजीएस शाला गोइडिया में अनियमितता करने वाले दोषी श्री राम स्व सहायता समूह चौखंडी से रूपये 4232.00 एवं महिला विश्वास स्व सहायता समूह चौखंडी से 14688.00 की वसूली हेतु कार्यालय कलेक्टर-रीवा के पत्र क्र. 122/ब्रिस्क/2013 दिनांक 12.08.2013 द्वारा तहसीलदार जवा को आर.आर.सी. जारी कर वसूली कार्यवाही की अनुमति दी गई है। तहसीलदार जवा स्तर से वसूली की कार्यवाही प्रचलित है। • मध्यान्ह भोजन संचालन में अनियमितता के उत्तरदायी जनशिक्षक श्री तरूण कुमार पाण्डेय के विरूद्ध मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत-रीवा द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर आदेश क्र. 8382 दिनांक 05.12.13 से एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर प्रकरण समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। • मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन में अनियमितता के दोषी तत्कालीन बी.आर.सी.सी. श्री रामलल्लू सिंह के विरूद्ध आयुक्त रीवा संभाग रीवा द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 14 के प्रावधानों के अंतर्गत विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जिसके तहत संभागायुक्त स्तर से विभागीय जांच कार्यवाही प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आयुक्त रीवा संभाग रीवा के आदेश क्र. 305/6-विकास/वि.जां./2014, दिनांक 07.11.14 द्वारा श्री रामलल्लू सिंह तत्कालीन बीआरसीसी जनपद पंचायत जवा वर्तमान व्याख्याता शासकीय पुष्पराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दगढ़ जिला रीवा की 03 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने की लघुशास्ती से दण्डित किया जाकर	समिति इस अनुशंसा के साथ प्रकरण समाप्त करती है कि जांच उपरान्त दोषी पाये गये तत्का. कार्यपालन अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करेगा।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
					प्रकरण समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। • मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में हुई अनियमितता के दोषी श्री बलवान सिंह मवासे तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा वर्तमान में जनपद पंचायत जौरा जिला मुरैना के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 14 के प्रावधानों के तहत संभागायुक्त स्तर से विभागीय जांच कार्यवाही प्रक्रिया हेतु पत्र क्र. 3749 दिनांक 08.07.2013 द्वारा आरोप पत्रादि जारी किया जाकर कार्यवाही प्रक्रियारत है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 15443/22/वि-9/M.D.M./वि.स./2014, दिनांक 26.12.2014	
26.	28	अता.प्र.सं. 49 (क्र. 1356) दि. 18.07.2011	राजगढ़ जिले में म.प्र. शासन रोजगार गारंटी कार्यों में अनियमितता के जांच प्रतिवेदन पर कार्यवाही।	प्राप्त प्रतिवेदनों का परीक्षण किया जा रहा है।	राजगढ़ जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत भियापुर विकासखंड राजगढ़ में मनरेगा योजना के अंतर्गत हुई अनियमितताओं की शिकायत की जांच कलेक्टर राजगढ़ से करायी गयी। प्राप्त प्रतिवेदनों के परीक्षण उपरांत यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम पंचायत में पायें दस्तावेजों अनुसार कार्य प्रशासकीय स्वीकृति एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुरूप संपादित किये गये है। कार्य का भुगतान समानुपातिक किया गया है, तथा ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई सड़क के उपर लोक निर्माण विभाग की सडक का निर्माण होना पाया गया है। उक्त प्रतिवेदन से भारत सरकार को दिनांक 21.01.2014 को अवगत कराया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 8382/MGNREGS/NR-11/वि.स./2014, दिनांक 22.11.2014	कोई टिप्पणी नहीं
27.	29	परि.ता.प्र.सं. 105 (क्र. 1672) दि. 18.07.2011	विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत जनपद पंचायत चीचली के ग्राम करपगांव से खंचारी तिचोर मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना में पुन: प्रारंभ किया जाना।	(1) अनुबंध करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जी हां।	विधानसभा क्षेत्र तेंदुखेड़ा के अंतर्गत जनपद पंचायत चीचली के ग्राम करपगांव से खंचारी तिचोर मार्ग का कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण पूर्व ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर शेष कार्य हेतु निविदा की कार्यवाही की गई। दिनांक 27.4.2012 को नवीन एजेंसी से अनुबंध कर कार्य पुन: प्रारंभ कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 7988/22/वि-12/वि.स./आ.क्र./23/2012, दिनांक31.05.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
28.	30	अता.प्र.सं. 15 (क्र. 542) दि. 18.07.2011	(1) होशंगाबाद जिले की जनपद पंचायत पिपरिया एवं जनपद पंचायत बनखेड़ी में पदस्थ पंचायत समन्वयक अधिकारी (ग्राम सहायक) को छठवे वेतनमान के एरियर्स एवं द्वितीय किस्त का भुगतान की कार्यवाही। (2) जनपद पंचायतों में पदस्थ पंचायत समन्वयक पात्र अधिकारियों को समयमान वेतन का लाभ।	(1) एक सप्ताह में एरियर्स की प्रथम एवं द्वितीय किश्तों का भुगतान कर दिया जावेगा । जनपद पंचायत बनखेड़ी में एरियर्स की द्वितीय किश्त का भुगतान सात दिवस में कर दिया जावेगा। (2) सत्यापन उपरांत तत्काल वित्तीय लाभ प्रदाय किया जावेगा।	(1) जनपद पंचायत पिपरिया एवं बनखेड़ी अंतर्गत पदस्थ पंचायत समन्वय अधिकारी को छठवें वेतनमान का एरियर्स राशि का प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कर दिया गया है। (2) जनपद पंचायत पिपरिया एवं बनखेड़ी के अंतर्गत पदस्थ पंचायत समन्वय अधिकारियों का पात्रतानुसार समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-10-121/2011/22/पं.-1, दिनांक 29.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं
29.	31	अता.प्र.सं. 25 (क्र. 736) दि. 18.07.2011	गुना जिले में आवास ऋण योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों में ऋण स्वीकृत किया जाना।	कार्यवाही प्रचलन में है।	"भू-अधिकार प्रमाण पत्र एवं/ अथवा आय प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रक्रियाधीन 9017 प्रकरणों में भू-अधिकार प्रमाण पत्र एवं/अथवा आय प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके है। बैंक में ऋण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये गये 284 प्रकरणों में" बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति जारी कर ऋण वितरण कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 18709/22/वि-22/वि-12/वि.स./15, दिनांक 29.09.2015	कोई टिप्पणी नहीं
30.	32	अता.प्र.सं. 26 (क्र. 754) दि. 18.07.2011	जिला नीमच, मनासा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बारहमासी सड़क योजनान्तर्गत प्रथम चरण के शेष मार्गों का कार्य प्रारंभ कर प्रथम चरण के सभी मार्गों का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाना।	वर्ष 2011-2012 में पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है।	कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नीमच से प्राप्त पत्र क्रमांक 632 दिनांक 23.03.14 के द्वारा अवगत कराया गया है कि नीमच जिले के मनासा विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में सम्मिलित 09 मार्गों में से 08 कार्य पूर्ण हो गये है। 01 कार्य को दिसम्बर 2014 के पूर्व पूर्ण करा लिया जायेगा। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 9528/22/वि-10/ग्रायांसे/2014, दिनांक 05.11.2014	कोई टिप्पणी नहीं
31.	33	परि.ता.प्र.सं. 46 (क्र. 941) दि. 18.07.2011	नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत रूके हुये निर्माण कार्य पूर्ण करने की कार्यवाही।	निविदा स्वीकृति पश्चात पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूर्ण करा लिया जावेगा।	नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत प्रश्नावधि में जिन 4 मार्गों एवं 1 ब्रिज का निर्माण कार्य ठेकेदार का अनुबंध निरस्त किये जाने के कारण रूका हुआ था। उन समस्त कार्यों का निविदा स्वीकृति पश्चात निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 22160/22/वि-12/वि.स./आश्वा./15, दिनांक 20.11.2015	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
32.	34	परि.ता.प्र.सं. 51 (क्र. 1103) दि. 18.07.2011	वर्ष 2010-11 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत भिण्ड जिले में मेहगांव विधान सभा क्षेत्र की स्वीकृत सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जाना।	शीघ्र कार्य पूर्ण कराने हेतु प्रयास किया जायेगा।	कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग भिण्ड से प्राप्त पत्र क्रमांक 2455 दि. 12.09.14 के द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2010-11 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत भिण्ड जिले में मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत 13 सड़कों में से 01 सड़क का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भिण्ड को हस्तांतरित किया गया है। शेष 12 सड़कों में से 09 पर सबग्रेड कार्य पूर्ण तथा 03 सड़कों पर सबग्रेड कार्य प्रगति पर है। सभी कार्य मार्च 2015 तक पूर्ण कर लिये जावेगें। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 6838/22/वि-10/ग्रायांसे/2014, दिनांक 29.09.2014	कोई टिप्पणी नहीं
33.	35	परि.ता.प्र.सं. 55 (क्र. 1285) दि. 18.07.2011	वन्दना कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सर्वे का उल्लंघन एवं घटिया कार्य करने के कारण कंस्ट्रक्शन कंपनी को काली सूची में रखने की कार्यवाही।	पंजीयनकर्ता विभाग को काली सूची में रखने हेतु लिखा जायेगा।	विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न के उत्तर के पंजीयन विभाग को काली सूची में रखने हेतु लिखा जायेगा का उल्लेख एजेंसी द्वारा पैकेज एमपी 3231 का कार्य पूर्ण नहीं करने एवं घटिया कार्य को हटाकर पुन: वांछित गुणवत्ता का कार्य नहीं कराने की स्थिति में किया गया था। वर्तमान में एजेंसी द्वारा पकैकेज क्र. 3231 का कार्य गुणवत्तानुसार दिनांक 01.10.13 को पूर्ण कर लिया है। विलंब से कार्य करने के कारण रू. 9,51,690.00 की राशि अधिरोपित कर ठेकेदार से वसूली की गई है। अत: काली सूची में रखने हेतु लिखे जाने की आवश्यकता नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2832/22/वि-12/वि.स./आ.क्र./2014, दिनांक 13.02.2015	कोई टिप्पणी नहीं
34.	36	परि.ता.प्र.सं. 86 (क्र. 1547) दि. 18.07.2011	टीकमगढ़ जिले के मनरेगा में पूर्व में स्वीकृत कार्यों को पूर्ण किया जाना।	पूर्व में स्वीकृत कार्यों को पर्याप्त संख्या में जॉब कार्डधारियों की उपलब्धता अनुसार पूर्ण कराया जा सकेगा।	अपूर्ण 322 कार्यों में से 26 कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं, शेष कार्यों को आगामी समय में जॉबकार्डधारियों की कार्य की मांग की उपलब्धता अनुसार पूर्ण कराये जाने एवं जॉबकार्डधारी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने की हर संभव कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। चूंकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी स्कीम- म.प्र. एक मांग आधारित योजना है। कार्य की मांग किए जाने पर जॉकार्डधारी परिवारों को 100 का रोजगार मुहैया कराया जाता है। जॉबकार्डधारी मजदूरों द्वारा कार्य की मांग किए जाने पर शीघ्र ही शेष कार्य पूर्ण करा लिये जावेंगे। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 4029/MGNREGS-MP/NR-11/वि.स./2012, दिनांक 20.04.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
35.	38	परि.ता.प्र.सं. 95 (क्र. 1576) दि. 18.07.2011	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पन्ना जिले में अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराया जाना ।	जी हां ।	प्रश्नावधि में पन्ना जिले में 53 मार्गों एवं 1 ब्रिज का कार्य अपूर्ण था, वर्तमान में उक्त कार्यों में से 47 मार्गों तथा 1 ब्रिज का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । तीन मार्गों जो कि बरियापुर नहर की सर्विस रोड पर बनाये जा रहे थे सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के आधिपत्य में है सिंचाई विभाग उत्तरप्रदेश से एन.ओ.सी. प्राप्त न होने के कारण तीन मार्गों का यथास्थिति में फोरक्लोजर किया गया है, इन तीनों मार्गों में आने वाले ग्रामों को नहर के समानांतर पडने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क से एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित अन्य मार्गों से जोडा जा चुका है । इस प्रकार नहर मार्ग के दोनों तरफ पडने वाले ग्रामों को सड़क संपर्कता उपलब्ध है । शेष तीन मार्गों का कार्य प्रगति पर है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2159/22/वि-12/आश्वा/अद्य./15, दिनांक 09.11.2015	समिति इस अनुशंसा के साथ प्रकरण समाप्त करती है कि विभाग शेष तीन मार्गो का कार्य पूर्ण करेगा।
36.	39	ता.प्र.सं. 16 (क्र. 1575) दि. 18.07.2011	पन्ना जिले की पंचायत पन्ना अंतर्गत आने वाले ग्राम डड़बरिया तालाब निर्माण में सामग्री का भुगतान न करने की जांच एवं की गई कार्यवाही ।	जांच प्रचलित है । परीक्षण उपरांत भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।	1. कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नीमच से प्राप्त पत्र क्रमांक 1477 दि. 29.09.14 के द्वारा अवगत कराया गया है कि बारहमासी सडक योजनान्तर्गत विकासखण्ड मनासा में द्विमीय एवं तृतीय चरणों में सम्मिलित कुल 35 सड़कों में से 34 सड़क प्रारंभ होकर 27 सड़क पूर्ण है तथा शेष 07 सड़क माह दिसम्बर 2014 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा 01 सड़क भूमि विवाद होने के कारण निरस्त की गई है । 2. प्रस्तावों का परीक्षण किया गया, विवरण निम्नानुसार है:- प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है । इनमें से प्रस्तावित 05 मार्गों का कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना/प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत पूर्ण है । शेष 02 मार्गों गांधी सागर के डूब क्षेत्र में होने से/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की गाईड लाईन में नहीं होने से इनका निर्माण नहीं किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 9532/22/वि-10/ग्रायांसे/2014, दिनांक 05.11.2014	कोई टिप्पणी नहीं

<table>
<tr><th>(1)</th><th>(2)</th><th>(3)</th><th>(4)</th><th>(5)</th><th>(6)</th><th>(7)</th></tr>
<tr><td>37.</td><td>40</td><td>ता.प्र.सं. 21
(क्र. 1623)
दि. 18.07.2011</td><td>निवाड़ी विधान सभा क्षेत्र के भवनहीन ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण।</td><td>यथाशीघ्र पूर्ण करवा दिया जायेगा।</td><td>ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निवाड़ी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम के निम्नलिखित ग्राम पंचायत भवन के कार्य की स्थिति निम्नानुसार है :-
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>ग्राम पंचायत भवन</th><th>कार्य की स्थिति</th></tr>
<tr><td>1</td><td>नयाखेरा</td><td>कार्य पूर्ण</td></tr>
<tr><td>2</td><td>उरदौर</td><td>छत तक का कार्य पूर्ण</td></tr>
<tr><td>3</td><td>सेंदरी</td><td>ग्राम पंचायत भवन सेंदरी में मान.न्यायालय का स्थगन आदेश होने तथा जमीनी विवाद के कारण कार्य प्रारंभ ही नहीं किया है</td></tr>
</table>
मात्र एक सेंदरी का ग्राम पंचायत भवन न्यायालयीन प्रक्रिया के अधीन है।
विभागीय पत्र क्रमांक :-
एफ 10-120/2012/22/पं-1/712, दिनांक 12.06.2015</td><td>कोई टिप्पणी नहीं</td></tr>
<tr><td>38.</td><td>41</td><td>परि.ता.प्र.सं. 16
(क्र. 428)
दि. 18.07.2011</td><td>ग्वालियर जिले के ए.बी. रोड से सिमरिया गांव तक का रोड़ का निर्माण कार्य समय सीमा में किया जाना।</td><td>31.12.2011 तक कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।</td><td>ग्वालियर जिले के ए.बी. रोड से सिमरिया गांव तक का रोड़ निर्माण कार्य दिनांक 15.12.2011 को पूर्ण किया जा चुका है।
विभागीय पत्र क्रमांक :-
1667/22/वि-12/वि.स./आश्वा./04/201,
दिनांक 04.02.2012</td><td>कोई टिप्पणी नहीं</td></tr>
<tr><td>39.</td><td>42</td><td>परि.ता.प्र.सं. 32
(क्र. 693)
दि. 18.07.2011</td><td>सुवासरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के शेष संधारण कार्य पूर्ण किया जाना।</td><td>शेष संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा रहा है।</td><td>संधारण एक सतत् प्रक्रिया है। वर्तमान में शेष संधारण का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

विभागीय पत्र क्रमांक :-
1666/22/वि-12/वि.स./आ.क्र./42/2012,
दिनांक 04.02.2012</td><td>कोई टिप्पणी नहीं</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th>(1)</th><th>(2)</th><th>(3)</th><th>(4)</th><th>(5)</th><th>(6)</th><th>(7)</th></tr>
<tr>
<td>40.</td>
<td>43</td>
<td>परि.ता.प्र.सं. 34
(क्र. 708)
दि. 18.07.2011</td>
<td>सागर जिले में सुरखी विधानसभा क्षेत्र के भवन विहीन एवं जीर्णशीर्ण पंचायतों के भवनों का निर्माण।</td>
<td>(1) परीक्षण उपरांत स्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।
(2) संकलन उपरांत शासन के निर्देशानुसार नये पंचायत भवनों की स्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।</td>
<td>विधानसभा क्षेत्र सुरखी अंतर्गत जनपद पंचायतों की भवन विहीन ग्राम पंचायतों में मनरेगा से अभिसरण रू. 10.00 लाख सहित रू. 12.85 लाख एवं रू. 14.85 लाख से निम्नानुसार कार्य स्वीकृत किये जाकर कार्य प्रगति पर है।
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>ज.पं. का नाम</th><th>स्वीकृत कार्य</th><th>राशि</th></tr>
<tr><td>1</td><td>सागर</td><td>58</td><td>171.30</td></tr>
<tr><td>2</td><td>राहतगढ़</td><td>66</td><td>190.10</td></tr>
<tr><td>3</td><td>जैसीनगर</td><td>41</td><td>116.85</td></tr>
<tr><td colspan="2">योग</td><td>165</td><td>478.25</td></tr>
</table>
भवनविहीन ग्राम पंचायतों एवं जीर्णशीर्ण ग्राम पंचायतों में नवीन पंचायत भवन स्वीकृत किये गये है।
विभागीय पत्र क्रमांक :-
एफ-10-118/2011/22/पं.-1, दिनांक 17.11.2014</td>
<td>कोई टिप्पणी नहीं</td>
</tr>
</table>

जुलाई, 2011 सत्र
(5) परिवहन विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
41.	44	अता.प्र.सं. 85 (क्र. 1624) दि. 18.07.2011	प्रदेश की परिवहन चौकियों को कम्प्यूटरीकृत किये जाने की कार्यवाही।	चौकियों का निर्माण कार्य प्रचलित है।	प्रदेश की 24 सीमावर्ती स्थानों पर एकीकृत कम्प्यूटीराईजड चेकपोस्टों के निर्माण की कार्यवाही प्रचलित है। इसमें 04 अन्य विभागों के अतिरिक्त परिवहन विभाग के चेकपोस्ट भी शामिल है। इस कार्य के लिये परिवहन विभाग नोडल विभाग है। यह कार्य एजेंसी के रूप में म.प्र. सड़क विकास निगम के माध्यम से कराया जा रहा है जिनके द्वारा दिनांक 10.11.2010 को एमपी बोर्डर चेकपोस्ट डेव्लेपमेंट कंपनी लि. मुबंई का कसेंशनायर नियुक्त किया गया है। म.प्र. सड़क विकास निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 चेकपोस्टों हेतु भूमि का कब्जा नोडल एजेंसी को दिया जा चुका है, किंतु 03 स्थानों हेतु न्यायालयीन स्थगन कायम है। जिस कारण हस्तांरण नहीं हुआ है। 13 स्थानों पर कार्य जारी है एवं चेकपोस्टों का कार्य पूर्ण होकर व्यावसायिक परिचालन में है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-10-96/2011/आठ, दिनांक 09.10.2014	कोई टिप्पणी नहीं

जुलाई, 2011 सत्र
(6) जेल विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
42.	45	ता.प्र.सं. 25 (क्र. 77) दि. 11.07.2011	म.प्र. की जेलों में बंद कैदियों की पैरोल की अवधि बढ़ाई जाना।	पैरोल अवधि को 21 दिन से बढ़ाने के लिये जानकारी प्राप्त होने पर परीक्षण उपरांत व अन्य विभाग से अभिमत प्राप्त करते हुए उनके मतानुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।	पैरोल अवधि को 21 दिन से बढ़ाने के लिये अन्य प्रदेशों से जानकारी प्राप्त की गई। प्राप्त जानकारी का परीक्षण किया गया तथा अन्य विभागों से अभिमत भी लिया गया। पैरोल की अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 42 दिन किये जाने का प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। इसके लिये बंदी अधिनियम 1985 की धारा 31 में संशोधन आवश्यक होने से इस हेतु वरिष्ठ सचिव समिति के विचार हेतु विषय की टीप प्रस्तुत की गइ हैं। इसके उपरांत आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करके इसे विधान सभा के आगामी बजट सत्र में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 362/216/2011/तीन/जेल, दिनांक 09.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं
194.	248	ध्यानाकर्षण सूचना (क्र. 262) दि. 14.07.2011	विदिशा जिले में मृत व्यक्ति श्रीमती कस्तूरी बाई पत्नी स्व. भैयालाल जैन के नाम से भूखण्ड पट्टा दिये जाने के संबंध में जांच एवं कार्यवाही ।	मैं इस पूरे प्रकरण की कमिश्नर से जांच करा लूंगा । जल्दी से जल्दी ।	कमिशनर भोपाल से प्राप्त प्रतिवेदन क्रमांक 4591/शिका/विदिशा/2011 दि. 21.10.2011 के अनुसार प्रकरण की संपूर्ण स्थिति का समग्रमा में विवेचना उपरान्त निष्कर्ष अभिलिखित किया गया है, जिसमें कथित पट्टा नहीं होने संबंधी तथा नगर पालिका विदिशा द्वारा भवन नामांतरण आदि की जानकारी के साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्नगत याचिका क्रमांक 4407/2010 से कार्यवाही स्थगित की गई है। इससे स्पष्ट है कि प्रकरण का विषय माननीय उच्च के विचाराधीन होने से अन्य विधि से हस्तक्षेप योग्य नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 21-91/2011/ सात नजूल, दिनांक 04.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं
195.	249	ता.प्र.सं. 02 (क्र. 11) दि. 20.07.2011	जिला सिंगरौली में पटवारियों के स्वीकृत पदों को शीघ्र भरे जाने की कार्यवाही ।	यथासंभव शीघ्र पटवारी के पद रिक्त है और जल्दी से जल्दी पद भरने की कार्यवाही हम करेंगे ।	सिंगरौली जिले के अर्तगत कुल पटावारियों के 166 पद स्वीकृत हे जिसके विरूद्ध 133 पटवारी कार्यरत है शेष 33 पटवारियों के रिक्त प के विरूद्ध ऑनलाईन पटवारी परीक्षा 2012 में 33 चयनित उम्मीदवारों का प्रथम सत्र 2012 में 22 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजा गया है। शेष 11 उम्मीदवारों को द्वितीय सत्र में प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा। प्रशिक्षण परिक्षा उत्तीर्ण करने पर संबंधितों को पटवारी के रिक्त हल्कों में पदस्थापनाऐं कर दी जावेगी। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 11-31/2011/सात/4 बी, दिनांक 04.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
196.	250	ता.प्र.सं. 03 (क्र. 477) दि. 20.07.2011	खरगौन जिला क्षेत्र में वर्ष 2008 से प्रश्न दिनांक तक नियम विरूद्ध भूमि आवंटन/नामांतरण किये जाने की जांच एवं दोषियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही।	अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसरावद द्वारा जांच की जा रही है।	कार्यालय कलेक्टर जिला खरगोन का पत्र 8/भू.अभि.4/12क्र0 दिनांक 14.02.2012 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसरावद द्वारा जांच उपरांत प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर श्री बलीराम पटेल अतिरिक्त तहसीलदार खरगोन तत्कालीन तहसीलदार कसरावद को म.प्र. शासन राजस्व विभाग मंत्रालय के आदेश क्र. एफ-862/2011/ सात-4 ए भोपाल दि. 28.07.2011 द्वारा निलंबित कर दिया गया है। उपरान्त नायब तहसीलदार कसरावद के राजस्व प्रकरण क्र.0693/बी-121/2010-11 आदेश दिनांक 30.08.2011 द्वारावृक्ष पट्टा निरस्त कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 6-9/आ.वि.स./शि.शा/प्र.रा.आ/2015/6454 दिनांक 04.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं
197.	251	ता.प्र.सं. 04 (क्र. 1477) दि. 20.07.2011	छिंदवाड़ा, बैतूल, सिवनी एवं होशंगाबाद जिले के वनखण्डों में शामिल जमीनों को पटवारी मानचित्र एवं खसरा में पंजी से पृथक किये जाने की कार्यवाही।	छिंदवाड़ा एवं होशंगाबाद जिले में कार्यवाही प्रचलित है धारा 20 के अंतिम प्रकाशन के बाद जमीनों को पृथक करने की जावेगी। सिविनी जिले में 63 वनखण्डों के भूमि का सीमांकन पूर्ण होने के उपरांत पटवारी मानचित्र एवं पंजी से अलग कर दिया जावेगा। बैतूल जिले में वन व्यवस्थापन अधिकारी के न्यायालय में प्रक्रिया विचाराधीन है। प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पटवारी मानचित्र एवं खसरा पंजी से पृथक करने की कार्यवाही की जावेगी।	सिवनी जिले में 63 वनखण्डों के भूमि का सीमांकन पूर्ण होने के उपरांत पटवारी मानचित्र एवं खसरा पंजी से अलग कर दिया गया है। जिला बैतूल, होशंगाबाद एवं छिन्दवाड़ा में कार्यवाही प्रचलित है। चूँकि अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा अपने नियमित कार्यो के साथ-साथ वन व्यवस्थापन अधिकारी का कार्य भी सम्पादित किया जा रहा है। जिससे धारा 5 से 19 तक की कार्यवाही में समय लग रहा है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 21-87/2011/सात नजूल/, दिनांक 05.03.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
198.	252	ता.प्र.सं. 07 (क्र. 1906) दि. 20.07.2011	रायसेन जिले में पाला/तुषार पीडित कृषकों को राहत राशि वितरण शीघ्र कराया जाना।	एक माह के समस्त प्रभावितों को राहत राशि वितरित कर दी जायेगी बाकी पैसा हम तत्काल बांट देंगे।	रायसेन जिले की सभी तहसीलों में पाला तुषार से प्रभावित फसलों के लिये जांच में पात्र पाये गये सभी किसानों का म.प्र. राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 दी जायेगी बाकी के नवीनतम प्रावधानों के अनुसार राहत अनुदान सहायता राशि का वितरण किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 10-219/2011/सात-3, दिनांक 16.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं
199.	253	ता.प्र.सं. 10 (क्र. 1508) दि. 20.07.2011	गुना जिला अंतर्गत विकासखण्डों में निःशुल्क भू-अधिकार पुस्तिका के शेष रहे कृषकों को शीघ्र वितरण करायी जाना।	कार्यवाही प्रचलित है 43 हजार ओर भू-अधिकारी पत्र बचे है यह भी हम तत्काल बटवाने की कार्यवाही कर रहे है।	भू-अधिकार पुस्तिकाएं वितरित की जा चुकी है अब कोई भी भू-अधिकार पुस्तिका वितरत हेतु शेष नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 21-158/2011/सात-6, दिनांक 12.11.2014	
200.	254	ता.प्र.सं. 11 (क्र. 2353) दि. 20.07.2011	रायसेन जिले की तहसील गैरतगंज में किसानों के फसलों की पाले से हुई क्षति पूर्ति की स्वीकृत राशि के चेको का बैंक से भुगतान कराया जाना।	मैं उस प्रकरण को देख लूंगा और तत्काल कार्यवाही करूंगा।	सभी पाला तुषार पीडितों को भुगतान हो चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 10-217/2011/सात-3, दिनांक 16.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं
201.	255	ता.प्र.सं. 12 (क्र. 1715) दि. 20.07.2011	(1) जिला प्रशासन को प्रश्नकर्ता द्वारा दिनांक 5.4.11 एवं 7.4.11 को कलेक्टर टीकमगढ़ को लिखे पत्रों पर की गई कार्यवाही। (2) टीकमगढ़ जिले के ग्राम पाण्डेर के अनुसूचित जाति जनजाति के कृषकों को जमीन के कब्जे दिलाया जाना।	(1) विद्यालय को भवन निर्माण एवं खेल मैदान के लिये जमीन आवंटन किये जाने की कार्यवाही की जा रही है कलेक्टर ने जैसे ही आपका पत्र मिला उन पर कार्यवाही तत्काल कर दी है आपका खेल मैदान मिल जायेगा और कब्रिस्तान की जमीन भी मिल जायेगी। (2) पूरे प्रकरण की मैं जांच करा लूंगा मैं पूरे प्रकरण को दिखवा लूंगा	(1) ग्राम पंचायत हीरानगर तहसील टीकमगढ़ में शासकीय हाई स्कूल हीरानगर को भवन एवं खेल के मैदान हेतु भूमि खसरा नंबर 1328 रकबा 1.479 है0 एवं खसरा नंबर 328/4 रकबा 0.448 है0 का हस्तांतरण म.प्र. शासन शिक्षा विभाग के प्रकरण क्रमांक 3 बी/121/11-12 में पारित आदेश दिनांक 01.10.2011 के अनुसार किया जा चुका है। मोहनगढ़ तिमैला पर निवासरत मुस्मिम समुदाय के लोगों के लिये कब्रिस्तान हेतु भूमि आरक्षित करने के लिये ग्राम रमपुंरा की अन्य शासकीय भूमि का राजस्व निरीक्षक/पटवारी हल्का से प्रस्ताव लिया गया जिसमें ग्राम रमपुरा की आराजी नंबर 311/1/6 रकबा 0866	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
				अगर ऐसी स्थिति है कि उनको पट्टे दिये गये है और कब्जे नहीं है तो कब्जा दिलवाने की कार्यवाही करेंगे। विधायक जी कह रहे है कि कुछ लोगों का मामला कोर्ट में है तो हम देखेंगे अगर वास्तविक है जिनके पट्टे है उनको कब्जा नहीं है तो कब्जा देने की कार्यवाही करेंगे ।	है0 में से 0.405 है0 पर कब्रिस्तान के लिये भूमि सुरक्षित किया जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। तहसीलदार मोहनगढ़ के न्यायालय के प्रकरण क्र.- 188/बी-121/11-12 दर्ज किया जाकर अनुविभागीय अधिकारी जतारा के माध्यम से दिनांक 18.12.2012 को प्रस्ताव कलेक्टर टीकमगढ़ को भेजा गया है। प्रकरण में कार्यवाही प्रचलित है। (2) मान. विधायक का पत्र क्रमांक-8, दिनांक 05.04.2011 आवेदक अनंता पत्रु घनू अहिरवार, जशरथ तनय रन्जौरा, दयाराम पुत्र भरोसा अहिरवार निवासी पाण्डेर तहसील टीकमगढ़ के पट्टे की भूमियों पर कब्जा दिलाने के संबंध में था। यह पट्टे न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ़ के राजस्व प्रकरण क्र.-40/अपील/02 में पारित आदेशदेश दिनांक 16.02.2004 द्वारा निरस्त कर जांच के निर्देश दिये गये थे। न्यायालय कमिश्नर सागर संभाग ने अपने अपीलीय प्रकरण क्रमांक 545/अ-19/2005-06 में पारित आदेश दिनांक 08.05.2007 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ़ का आदेश यथावत रखा है। इस प्रकार वर्तमान में पट्टा जीवित न होने से कब्जा दिलाया जाना संभव नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 20-232/2012/सात/2 ए, दिनांक 30.03.2013	
202.	256	ता.प्र.सं. 25 (क्र. 854) दि. 20.07.2011	सागर जिले के खुरई में नक्शा बिना आवासीय व्यवसायिक एवं शासकीय भूमि का सीमांकन किया जाना ।	मौजा खुरई का चालू नक्शा पटवारी के पास उपलब्ध है इसी नक्शे से आवासीय व्यवसायिक एवं शासकीय भूमि का सीमांकन किया जा रहा है ।	(1). जांच में पाया है कि मौजा खुरई का चालू नक्शा हल्का पटवारी को प्राप्त हो गया है एवं नक्शा प्राप्ति पश्चात् आवासीय/व्यवसायिक/शासकीय भूमि के 7 प्रकरणों में सीमांकन कार्य किया जा चुका है। अन्य प्रस्तुत आवेदनों में भी सीमांकन कार्य नियमानुसार किया जाता है। (2). प्रकरण में अब कोई अन्य कार्यवाही शेष नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ -7-/सा.वि./प्र.रा.आ/2015/6696, दिनांक 16.11.2015	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
203.	257	ता.प्र.सं. 13 (क्र. 782) दि. 20.07.2011	बालाघाट जिले के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोसमी अंतर्गत नियम विरूद्ध प्लाटिंग करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाना।	विधिक कार्यवाही समयावधि में की जावेगी।	विधिक कार्यवाही की जाकर शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटा दिया गया है। अनावेदक मेसर्स रामदेव इन्फ्रास्ट्चर द्वारा अपनी निजी भूमि स्वत्व का विक्रय किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ -20/231/2012/सात/2 ए, दिनांक 10.01.2013	कोई टिप्पणी नहीं
204.	258	परि.ता.प्र.सं. 16 (क्र. 812) दि. 20.07.2011	जिला सीधी की तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम अकोरी में भूमि वंटन एवं कब्जे के संबंध में कलेक्टर सीधी के प्रतिवेदन क्र. 470 दिनांक 26.5.04 एवं उस पर संभागायुक्त रीवा के अर्धशासकीय पत्र क्र. 2226 दिनांक 8.6.04 में दिये गये निर्देशों पर कोई कार्यवाही न किये जाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही।	कमिश्नर न्यायालय रीवा में विचाराधीन है।	कलेक्टर, सीधी ने पत्र दिनांक 23.02.2013 से अवगत कराया गया है कि उक्त विषयांकित मामले के संबंध में अपर आयुक्त न्यायालय रीवा संभाग, रीवा में प्रकरण विचाराधीन है। इस कारण निर्णय होने तक दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही का प्रश्न उद्भूत नहीं होता है। चूकी प्रकरण का निराकरण न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत किया जाना है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ -7-/सा.वि./2015/5009, दिनांक 03.09.2015	कोई टिप्पणी नहीं
205.	259	परि.ता.प्र.सं. 21 (क्र. 956) दि. 20.07.2011	विधानसभा करैरा में सिंचाई के नाम विस्थापित मोहनी डेम के लोगों को दी जाने वाली भूमि पर अतिक्रमण किये जाने वालों के विरूद्ध की कार्यवाही मोहनी डेम के विस्थापितों के लिये करैरा तहसील के आमोल हल्का में सिंचाई विभाग की आरक्षित भूमि पर से अतिक्रमण हटाया जाना।	कार्यवाही प्रचलित है।	सर्वे नं. 349, 364, 368, 405, 406, 407, 409, 411 मिन 473 कुल किता 9 रकबा 21.52 है0 ग्राम आमोलपटा में मोहिनीसागर हेतु 21.52 है0 भूमि सुरक्षित है। जिसमें से 7.20 है0 पर ग्राम पंचायत द्वारा तालाब निर्मित है एवं शेष भूमि 518 है0 पर ग्रामीण कृषकों का फसल बोकर अतिक्रमण किया गया था उक्त अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया जा चुका है। मोहिनी सागर बांध के विस्थापितों को नरवर के पास ग्राम सिकन्दरपुर में विस्थापित किया जा चुका है, जिस हेतु आवंटित भूमि की आवश्यकता इस परियोजना हेतु नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ -20/230/2012/सात/2 ए, दिनांक 28.12.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
206.	260	परि.ता.प्र.सं. 27 (क्र. 1120) दि. 20.07.2011	विधानसभा क्षेत्र कालापीपल के ग्राम अरनियां कला में राजस्व की भूमि पर अवैधानिक अतिक्रमण को हटाने एवं नक्शे को दुरूस्त कराने की कार्यवाही।	अतिक्रमणकर्ताओं को हटाने की कार्यवाही प्रचलित है रकबा दुरूस्ती की कार्यवाही की जावेगी।	शाजापुर जिले की तहसील कालापीपल के ग्राम अरन्याकलां के प्र.क्र. 100-101 अ-68 आदेश दिनांक 12 जुलाई 2012 से अतिक्रमण हीरालाल व रामस्वरूप पिता देववक्श का अतिक्रमण हटा दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 20/162/2009/सात-ए, दिनांक 17.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं
207.	261	परि.ता.प्र.सं. 31 (क्र. 1217) दि. 20.07.2011	पन्ना शहर में पुराने मकानों की मरम्मत एवं निर्माण हेतु नजूल शाखा में लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण।	शेष लंबित आवेदनों का निराकरण यथाशीघ्र कर दिया जायेगा।	पन्न शहर में पुराने मकानों की मरम्मत एवं निर्माण के लिये अनापत्ति प्रमाण हेतु नजूल शाखा में 17 आवेदन लंबित थे जो निराकृत हेतु एक माह का समय चाहा गाया था उक्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-21-88/2011/सात – नजूल, दिनांक 11.04.2012	कोई टिप्पणी नहीं
208.	262	परि.ता.प्र.सं. 57 (क्र. 1673) दि. 20.07.2011	जिला नरसिंहपुर में तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना एवं ऋण पुस्तिकायें वितरित की जाना।	(1) शेष 54 प्रकरणों में बेदखली की कार्यवाही की जा रही है। (2) नवीन ऋण पुस्तिकाओं की वितरण की कार्यवाही जारी है।	(1) न्यायालय में लक्षित 54 प्रकरणों में कब्जा बेदखली के आदेश जारी किए जाकर अतिक्रमण भूमि रिक्त करा ली गई है। (2) तहसील क्षेत्रांतरण 24100 खातेदार हैं। कार्यालय में प्राप्त 18000 ऋणपुस्तिकारऐं पूर्व में वितरित की जा चुकी है। शेष 6100 खातेदारों को ऋण पुस्तिकाऐं शासकीय मुद्रणालय से प्राप्त की जाकर तहसील के 100 प्रतिशत कृषकों को ऋणपुस्तिकाऐं वितरीत कर दी गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 20/240/2012/सात/2 ए, दिनांक 26.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
209.	263	परि.ता.प्र.सं. 61 (क्र. 1705) दि. 20.07.2011	अशोकनगर जिले की नवगठित तहसील शाढौरा के स्वीकृत पदों की पूर्ति।	यथासंभव शीघ्र।	तहसील शाढौरा में एक तहसीलदार, चार सहायक ग्रेड-3 तथा 5 भृत्य/प्रोसेस सर्वर पदस्थ किये जाकर तहसील शाढौरा के कार्य संचालन की सुचारू रूप से व्यवस्था की गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ नं. 17-14/2012/सात (शा-5) भोपाल दिनांक 26.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं
210.	264	परि.ता.प्र.सं. 71 (क्र. 1831) दि. 20.07.2011	सागर जिले में एस.सी.एस.टी. एवं ओ.एम.बी.सी. के आवेदकों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी कराये जाने की कार्यवाही।	शिविर आयोजित कर स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश पुन: दिये जावेंगे।	सागर जिले में दिनांक 30.06.2012 तक एस.सी. के 3923, एसटी के 576 एवं ओबीसी के 10728 आवेदन प्राप्त हुये थे। जिसका समयावधि में प्रमाण पत्र बनाये जा चुके है। उक्त अवधि के पूर्व के कोई अभ्यावेदन निराकरण हेतु शेष नहीं है। इस स्थिति में उक्त आश्वासन की पूर्ति का जा चुकी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 5-45/2011/सात भोपाल, दिनांक 07.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं
211.	265	परि.ता.प्र.सं. 72 (क्र. 1844) दि. 20.07.2011	तहसील सरदारपुर जिला धार में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 59 के चौड़ीकरण/ निर्माण में प्रभावित भूमि/भवन/पेड़ आदि सम्पत्ति अधिग्रहण से संबंधित मुआवजा की प्राप्त शिकायतों की जांच एवं निराकरण कर मुआवजा राशि का भुगतान।	जांच प्रतिवेदन उपरांत निराकरण कर दिये जावेंगे राशि प्राप्त होते ही मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जावेगा।	प्रश्न के भाग " ख " में उल्लेखित अमरा उर्फ अमरसिंह चैन्या उर्फ चैन सिंह, नाना पिता गटिया, झितरी बाई उर्फ झीमतीबाई बेवा गटिया जाति भील निवासी दत्तीगांव टीमरीपाडा को ग्राम दत्तीगांव तहसील सरदारपुर की भूमि खरारा क्रमांक 240 पैकि क्षेत्रफल 1.104 हैक्टर का चैक क्रमांक 022785 दिनांक 29.08.2012 द्वारा मुआवजा राशि रूपये 2,79,312/- का भुगतान किया गया है। प्रश्न के भाग – " ग " से संबंधित राजस्व ग्राम दलपुरा तहसील सरदार पुर के सर्वे नंबर 1 का प्रकाशन 3 डी में न होने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण द्वारा मुआवजे का अनुमोदन नहीं किया गया है जबकि खसरा क्रमांक-564 आर.ओ.डब्ल्यू. पर होने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मुआजा राशि का अनुमोदन नहीं किया गया है। राजस्व विभाग के पत्र क्र.-एफ12-65/सात/9/90 दिनांक 16.04.1991 की कंडिका 11 (ब) के अनुसार प्रभावितों को, उनके द्वारा निर्मित संरचना हेतु नियमानुसार मुआवजा भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ- 20/227/2012/सात/2 ए, दिनांक 03.11.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
212.	266	परि.ता.प्र.सं. 73 (क्र. 1860) दि. 20.07.2011	प्रदेश के नायब तहसीलदार एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख पद पर राजस्व निरीक्षकों की पदोन्नति ।	राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार/ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के पद पर पदोन्नत कर दिया जावेगा ।	इस विभाग के आदेश एफ नं. 2-4/2011/सात (4बी) दिनांक 22 अक्टूबर 2011 द्वारा 44 राजस्व निरीक्षकों को सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख के पद पर एवं प्रमुख राजस्व आयुक्त के आदेश एफ नं. 3-51/स्था./प्र.रा.आ./2011/396 दिनांक 21 अक्टूबर 2011 द्वारा 25 राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 11-32/2012/सात/4 बी, दिनांक 13.03.2012	कोई टिप्पणी नहीं
213.	267	परि.ता.प्र.सं. 85 (क्र. 2007) दि. 20.07.2011	राजगढ़ जिले के नगर जीरापुर में वक्फ ईन्तजामिया कमेटी की भूमि का सीमांकन मा.उच्च न्यायालय इंदौर द्वारा दिये आदेश के अनुरूप शीघ्र कराये जाने की कार्यवाही ।	नवीन नक्शा निर्माण की कार्यवाही प्रचलित है ।	जिला राजगढ़ के नगर जीरापुर का नक्शा शीटों में संधारित है, जिसमें से शीट क्रमांक 05 जीर्ण शीर्ण होने तथा प्रमाणित नहीं होने से कलेक्टर राजगढ़ द्वारा नक्शा निर्माण किये जाने हेतु आयुक्त भू-अभिलेख को लिखा गया था, इस संबंध में नगरीय क्षेत्रों के सर्वेक्षण हेतु मार्ग दर्शिका दिनांक 02.12.2021 को जारी कर दी गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 209/3946/2021/सात/एक, दिनांक 19.10.2022	कोई टिप्पणी नहीं
214.	268	परि.ता.प्र.सं. 86 (क्र. 2010) दि. 20.07.2011	तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ अंतर्गत अनु.जा./अनु. जनजाति वर्ग के कृषकों के पट्टे की भूमि को बिना कलेक्टर की अनुमति के क्रय किये जाने पर रजिस्ट्री को अवैध घोषित कर निरस्त कर उक्त भूमि को राजसात की जाने की कार्यवाही ।	कार्यवाही प्रचलित है ।	विधानसभा प्रश्न क्रमांक-2010 के प्रश्नांश " ख " के उत्तर में संलग्न परिशिष्ट " ब " में अंकित ग्राम खुमनानपुरा के 2 प्रकरणों में आवंटित भूमि के विक्रय के कारण शासकीय घोषित किये जाने की न्यायालयीन कार्यवाही तहसील स्तर पर की गई है। शेष ग्राम बटावदा के 12 प्रकरणों एवं ग्राम कार्शीखेडी के 01 प्रकरण की भूमि शासकीय घोषित की जा चुकी है। प्रकरणों में अपील निगरानी की न्यायालयीन प्रक्रिया प्रचलित है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-20/254/2012/सात/2 ए, दिनांक 10.01.2013	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
215.	269	परि.ता.प्र.सं. 113 (क्र. 2334) दि. 20.07.2011	मुलताई कृषि उपज मंडी में दिनांक 1 सितम्बर, 2010 से प्रश्न दिनांक तक किसानों की कृषि उपज का भुगतान न करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध कार्यवाही।	भू-राजस्व वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।	कलेक्टर जिला बैतूल द्वारा उल्लेख किया गया है कि कृषि उपज मण्डल समिति मुलताई में अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी फर्म विनोदीलाल ओमप्रकाश अग्रवाल मुलताई द्वारा कुल 54 किसानों की भुगतान राशि 3357924/- रू. प्रश्न दिनांक तक बकाया था। किसानों की कृषि उपज की बकाया राशि की वसूली भू-राजस्व के तौर पर मण्डी अधिनियम 1972 की धारा 61 के अन्तर्गत कलेक्टर बैतूल को प्रस्तुत की गई थी। कलेक्टर बैतूल द्वारा तहसीलदार मुलताई को वसूली हेतु आरकृआर.सी. सौंपी गई एवं फर्म विनोदीलाल, ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा किसानों की कृषि उपज का समयावधि में भुगतान नहीं किये जाने से मण्डी अधिनियम की धारा 37 (ग) के अनुसार अनुज्ञप्ति स्वमेव निरस्त हो गई। कृषि उपज मण्डी समिति मुलताई में अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी फर्म विनोदीलाल, ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा वर्ष 2010-11 में 01 सितम्बर 2010 से प्रश्न दिनांक तक मण्डी प्रांगण में सोयाबीन क्रय किया गया था जिसमें कुल 54 किसानों द्वारा कृषि उपज का भुगतान न होने से शिकायत प्राप्त हुई थी। 54 किसानों की शिकायत के अनुसार भुगतान राशि 3357924/- रू. का भुगतान किया जाना शेष था। प्राप्त शिकायत का मण्डी अधिनियम के अनुसार आर.आ.सी. के तहत कार्यवाही कर समस्त 54 किसानों को राशि 3357924/- रू. का भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान में कृषि उपज मण्डी समिति मुलताई में कार्यालयीन रिकार्ड अनुसार किसी भी कृषक का भुगतान होना शेष नहीं है ना ही उक्त संबंध में कोई शिकायत विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-3/ग्राभूप्र-आश्वासन/2016/720 भोपाल दिनांक 04.02.2016	कोई टिप्पणी नहीं
216.	270	अता.प्र.सं. 04 (क्र. 463) दि. 20.07.2011	कटनी जिला तहसील बहोरीबंद के ग्राम कछगवां एवं बचैया के अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों को आवंटित शासकीय भूमि के पट्टे अन्य को विक्रय किये जाने की जांच एवं कार्यवाही।	प्रकरण की जांच करायी जावेगी।	ग्राम बचैया की भूमि ख.न. 1085 के समस्त बटा नंबरों एवं ग्राम कछगांव के ख.न. में जारी समस्त पट्टे व नामांतरण निरस्त किये जाकर भूमि म.प्र. शासन चरनोई मद में राजस्व अभिलोखों में दर्ज करायी गई है। दोषी पटवारी श्री संजय राठौर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** जावक क्र. 255/2018, दिनांक 09.02.2018	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
217.	271	अता.प्र.सं. 10 (क्र. 752) दि. 20.07.2011	नीमच जिले के टप्पा रामपुरा को तहसील बनाये जाने की मा.मुख्यमंत्री जी की घोषणा का क्रियान्वयन।	प्रशासनिक कार्यवाही के पश्चात तहसील बनाने के संबंध में अंतिम आदेश जारी किया जाना है।	विभागीय आदेश क्रमांक एफ 1-3/2009/सात/6, दिनांक 27.02.2012 द्वारा नीमच जिला अंतर्गत नवीन तहसील रामपुरा के सृजन संबंधी आदेश जारी किये जा चुके है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 21-151/2011 सात-6,दिनांक 26.09.2012	कोई टिप्पणी नहीं
218.	272	अता.प्र.सं. 31 (क्र. 1387) दि. 20.07.2011	सीधी जिले की सभी तहसीलों में तहसीलदार/ नायक तहसीलदार के रिक्त पदों की पूर्ति।	जिले में तहसीलदार के रिक्त पदों की पूर्ति यथाशीघ्र की जा रही है। नायब तहसीलदार के पद लोक सेवा आयोग से चयन सूची प्राप्त होने पर इन पदों की पूर्ति की जा सकेगी।	जिला सीधी में तहसीलदार के स्वीकृत पद 09 है जिनमें से 07 भरे है। 02 रिक्त पद स्थानान्तर से भरे दिये गये है। इसी प्रकार नायाब तहसीलदार के 11 स्वीकृत पदों में से रिक्त तीन पदों की पूर्ति की जा चुकी है। राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2009 से चयनित अभ्यार्थियों में से दिनांक 18.07.2012 द्वारा 02 को एवं 01 पद स्थानान्तर से भरा जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-21-174/2011/सात/6, दिनांक 29.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं
219.	273	अता.प्र.सं. 94 (क्र. 2352) दि. 20.07.2011	सरदारपुर तहसील में पंचायत द्वारा निर्माणाधीन एवं सीमांकन किए गए मेवानपुरा से सोनगढ़ मार्ग के सीमा चिन्ह को नष्ट करने के दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना।	कार्यवाही प्रचलित है।	तहसील सरदारपुर के ग्राम सोनगढ़ में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित महापुरा सोनगढ़ मार्ग का सीमांकन राजस्व निरीक्षक द्वारा किए जाने के उपरांत सीमाचिन्ह कायम किए गए, जिन्हें हटाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध तहसील न्यायालय में प्रकरण क्रमांक -1/अ-11/2010-11 कायम कर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 130 के तहत सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया। राजस्व निरीक्षक द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 124 के प्रावधानों के अनुसार सीमाचिन्ह कायम नहीं किए जाने से दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही के प्रावधान नहीं होने से न्यायालय द्वारा दिनांक 30.07.2011 को प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-21-174/2011/सात/6, दिनांक 29.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
220.	274	ध्यानाकर्षण सूचना (क्र. 185) दि. 21.07.2011	सीहोर जिले के बुधनी तहसील के ग्राम तालपुरा एवं पालीकरार में महावीर स्पीनिंग मिल्स द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के प्रभावित किसानों के परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी दी जाने हेतु कार्यवाही।	शेष को नौकरी दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बाकी को भी तत्काल नौकरी देने की व्यवस्था करेंगे। प्रत्येक परिवार को नौकरी देने की व्यवस्था करने के लिये मा. मुख्यमंत्री जी ने भी कहा है पहली बार अगर कोई भी उद्योग लग रहा है तो वहां के लोकल लोगों को नौकरी दी जायेगी।	कुल 83 प्रभावित परिवारों में से 61 परिवारों के सदस्यों को नौकरी दी जा चुकी है। 20 परिवारों के सदस्यों को नौकरी दिये जाने हेतु आहूत किया गया परन्तु सूचना उपरांत भी अनुपस्थित रहे। कुल 01 परिवार का प्रकरण मान. उच्च नयायालय में विचाराधीन होने से, नौकरी नहीं दी जा सकी, तथा 01 परिवार द्वारा नौकरी की आवश्यकता नहीं होने की लिखित में अभिव्यक्ति दी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-20/242/2012/सात/2 ए, दिनांक 05.11.2012	कोई टिप्पणी नहीं
221.	275	ध्यानाकर्षण सूचना (क्र. 85) दि. 22.07.2011	होशंगाबाद तहसील के डोंगरी क्षेत्र में एकीकृत आवास एवं मलीन बस्ती विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 43214 वर्ग फुट भूमि आवासीय योजना के क्रियान्वयन हेतु बिना प्रब्याजी एवं मात्र एक रूपये वार्षि भू-भाटक पर नगर पालिका होशंगाबाद को उपलब्ध कराई जाकर शासकीय अभिलेख में नगर पालिका का नाम दर्ज किया जाकर मकानों का आवंटन किया जाना।	प्रस्ताव का परीक्षण का शीघ्रातिशीघ्र उक्त भूमि को नगर पालिका होशंगाबाद को उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जायेगी एक महिने में आवंटन कर दिया जायेगा।	कार्यालय कलेक्टर होशंगाबाद के 07.10.2011 ओदश क्रमांक रीडर/2011 दिनांक 07.10.2011 आई.एच.एस.डी.पी. योजानान्तर्गत आवास निर्माण हेतु 43218 वर्गफुट भूमि हस्तांतरित आदेश दिये गये है। नगर पालिका के हक में भूमि शासकीय अभिलेख में दर्ज हो गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 21-92/2011/सात-नजूल, दिनांक 02.04.2012	कोई टिप्पणी नहीं

जुलाई, 2011 सत्र
(14) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
222.	226	ध्यानाकर्षण सूचना (क्र. 24) दि. 12.07.2011	(1) वर्ष 2010-11 में गोटेगांव विधान सभा के ग्राम निवारी, उमडाखेड़ा, बरहेटा का 10 हजार बोरा घुन लगा गेहूं को नये गेहूं के साथ वेयर हाउस में रखने से नया गेहूं खराब होने की जांच एवं कार्यवाही तथा शिवपुरी जिले के पिछोर सब डिवीजन के भण्डारण केन्द्र में श्री जगदीश सिंह कृषक द्वारा जितनी जमीन थी उसमें ज्यादा का वितरित गेहूं बेचे जाने की जांच एवं कार्यवाही। (2) शिवपुरी जिले में किसानों द्वारा फर्जी तरीके से भण्डारण केन्द्रों पर गेहूं बेचे जाने की जांच एवं कार्यवाही । (3) केन्द्र एवं राज्य सरकार के बीच गेहूं खरीदी के अनुबंध की प्रति मा.सदस्य चौधरी राकेश सिंह जी को उपलब्ध कराई जाना। (4) टीकमगढ़ जिले में सोसायटियों के गेहूं खरीद केन्द्रों को उपलब्ध कराये गये बारदानों की जानकारी माननीय सदस्य श्री यादवेन्द्र सिंह जी को उपलब्ध कराई जाना ।	(1) उसकी पूरी की पूरी जांच कराऊंगा और कोई भी दोषी व्यक्ति होगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी वह कितना भी बड़ा हो जगदीश सिंह जी का जो उन्होनें नाम बताया है वह हमे दे देंगे तो हम उसकी भी जांच करा लेंगे । (2) आयुक्त खाद्य को भेजकर हम जांच करा लेंगे । (3) जी हां वह प्रति हम उपलब्ध करा देंगे । (4) वारदान की जानकारी मेरे पास अभी नहीं है मैं इनको बाद में उपलब्ध करा दूंगा ।	(1). वर्ष 2010-11 में विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के ग्राम निवारी उमड़ाखेड़ा के गोदाम में 1773.85 मे. टन गेहूं का भंडारण मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ के गोदाम में किया गया था जिसमें से 1635.75 मे. टन गेहूं के क्षतिग्रस्त होने के लिए उत्तरदायी अधिकारी श्री कुलदीप श्रीवास्तव, तत्कालीन गोदाम प्रभारी वर्तमान में सेवानिवृत्त के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की जाकर क्षतिग्रस्त की वसूली के आदेश जारी किए गए। वर्ष 2010-11 में बरहेटा गोदाम में गेहूं का भांडारण नहीं किया गया है। (2). शिवपुरी जिले में किसानों द्वारा फर्जी तरीके से भंडारण केन्द्रों पर गेहूं बेचने की जांच तत्कालीन जिला आपूर्ति नियंत्रक, ग्वालियर से कराई गई। जांच में जिले के 9 उपार्जन केन्द्रों पर 101 किसानों द्वारा 285.27 मे.टन गेहूं भारित कृषि भूमि रकबे से अधिक विक्रय किए गए गेहूं पर रू 150 प्रति क्विंटल की दर से बोनस की राशि रू. 4,27,912 की वसूली अधिरोपित की गई। राशि वसूल की जाकर शासकीय मद में जमा कराई जा चुकी है। (3). इस विभाग के पत्र दिनांक 24.09.2015 द्वारा माननीय सदस्य चौधरी राकेश सिंहजी को केन्द्र एवं राज्य सरकार के बीज गेहूं खरीदी के अनुबंध की प्रति उपलब्ध करा दी गई है। (4). इस विभाग के पत्र दिनांक 24.09.2015 द्वारा माननीय सदस्य यादवेन्द्र सिंहजी को टीकमगढ़ जिले की सोसायटियों को प्रदाय बारदानो की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-8-153/2011/29-1 भोपाल दिनांक 03.10.2015	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
223.	277	ता.प्र.सं. 18 (क्र. 476) दि. 13.07.2011	कसरावद विधान सभा क्षेत्र में गैस एजेंसी खोलने हेतु जिला कलेक्टर को भेजे गये प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही ।	नवीन वितरक नियुक्ति की कार्यवाही कंपनी के पास विचाराधीन है ।	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा अवगत कराया गया है कि कसरावद जिला खरगौन के एलपीजी वितरक चयन हेतु दिनांक 27.12.2012 को ड्रा में चयनित अभ्यार्थी को दिनांक 10.06.2013 को आश्य पत्र जारी किया गया है। चयनीत आवेदक के दस्तावेज सत्यापन किया जा चुका है। विगत तीन वर्ष से कसरावद में उत्तम श्री गैस एजेन्सी संचालित है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 1460/2122/2014/29-1भोपाल दिनांक 23.09.2016	कोई टिप्पणी नहीं
224.	278	ता.प्र.सं. 25 (क्र. 111) दि. 13.07.2011	ग्वालियर जिले में शहरी उपभोक्ता भण्डार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सेमी होलसेलर का कार्य किये जाने की जांच ।	जांच खाद्य एवं सहकारिता विभाग से करायी जाएगी ।	शहरी उपभोपक्ता भण्डारों को ग्रामीण क्षेत्र में लायसेंस/सेमी होलसेलर का कार्य किये जाने की जांच जिला आपूर्ति नियंत्रक ग्वालियर एवं उपपंजीयक सहकारी समिति जिला ग्वालियर द्वारा जांच कर दिनांक 29.01.2013 को संयुक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदित किया है कि तत्समय ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर समयावधि में केरोसिन का प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु 12 शहरी क्षेत्र के भंडारों को कार्यक्षेत्र के बाहर सेमी होलेसेलर अनुज्ञाप्तियां प्रदाय की गई है। अत: कार्यक्षेत्र के बाहर कार्य करने का नियम न होने के बावजूद भी शहरी क्षेत्र क भंडारों को कार्यक्षेत्र के बाहर सेमी होल सेलर का कार्य करने के संबंध में संबंधितों को " कारण बताओं सूचना पत्र " जारी किये गये है तथा न्यायालय कलेक्टर में सुनवाई उपरांत सभी 12 सेमी होलेसेलर की अनुज्ञप्ति निरस्त की गई। इसके विरूद्ध 06 सेमी होल सेलर्स द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 8-96/2011/29-1 भोपाल दिनांक 29.11.2014	कोई टिप्पणी नहीं
225.	279	परि.ता.प्र.सं. 16 (क्र. 297) दि. 13.07.2011	मण्डला जिले में खाद्यान्न मिट्टी के तेल का वितरण उसके भण्डारण एवं उसके परिवहन के संबंध में विभाग को दो वर्ष में मिली शिकायतों पर कार्यवाही की जाना।	शेष 7 शिकायतों पर कार्यवाही प्रचलन में है ।	शेष 07 शिकायतों की जांच की जा चुकी है। प्रकरण निर्मित कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके है। अद्यतन स्थिति अनुसार कलेक्टर न्यायालय में निर्णीत 04 प्रकरणों में कुल 2,38,766 रूपए की सामग्री राजसात की गई है। शेष 03 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-10-20/2011/उन्तीस-2 भोपाल दिनांक 19.09.2014	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
226.	280	परि.ता.प्र.सं. 45 (क्र. 719) दि. 13.07.2011	शिवपुरी जिले के पिछोर एवं करैरा तहसील में उचित मूल्य पर गेहूं खरीदी में हुई अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों की जांच एवं कार्यवाही।	कार्यवाही प्रचलित है।	शिवपुरी जिले के पिछौर एवं करैरा तहसील में उचित मूल्य पर गेंहू खरीदी में हुई अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु शासन द्वारा जिला आपूर्ति नियंत्रक, ग्वालियर को अधिकृत किया गया था। उनके द्वारा जांच की गई है जिसके आधार पर खाद्य संचालनालय से प्राप्त निर्देशों के तारतम्य में वसूली की कार्यवाही प्रचलित है। गेहूं खरीदी के दौरान जप्त गेहूं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जा चुका है, जिसमें समिति द्वारा चेतावनी देकर उनका जप्त गेंहू वापस किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-8-97/2011/29-1 भोपाल दिनांक 08.11.2012	कोई टिप्पणी नहीं
227.	281	परि.ता.प्र.सं. 65 (क्र. 890) दि. 13.07.2011	रायसेन जिले में वर्ष 2011 में किसानों से गेहूं उपार्जन पश्चात चौबीस घंटे की अवधि के बाद उन्हें किये गये भुगतान के दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही।	दोषी कर्मचारी, अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्र जारी किये गये है उनके विरूद्ध कार्यवाही का प्रतिवेदन महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायसेन से प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जा सकेगी।	गेहूं उपार्जन पश्चात् 24 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान करने के निर्देश शासन द्वारा दिए गये थें। उक्त अवधि में भुगतान कर पाना व्यवहारिक रूप से उपयुक्त न होने के कारण आगामी वर्ष में भुगतान की अवधि 07 दिवस कर दी गई है। नई नीति लागू हो जाने से 24 घंटे के बाद भुगतान करने वाले कर्मचारी/अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही का औचित्य नहीं बनता। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-8-107/2011/29-1 भोपाल दिनांक 10.12.2013	कोई टिप्पणी नहीं
228.	282	अता.प्र.सं. 67 (क्र. 882) दि. 13.07.2011	वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में मार्केटिंग सोसायटी लहार जिला भिण्ड द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूं पर दिये गये बोनस की शेष राशि का भुगतान किया जाना।	राशि का भुगतान शीघ्र ही करा दिया जावेगा।	वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में विपणन सहकारी संस्था लहार जिला भिण्ड द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूं पर दिये गये बोनस की राशि का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-8-95/2011/29-1 भोपाल दिनांक 31.08.2012	कोई टिप्पणी नहीं
229.	283	अता.प्र.सं. 81 (क्र. 2285) दि. 20.07.2011	भोपाल शहर में एक हजार से अधिक आवंटित राशन कार्डधारी दुकानों को कम करते हुए दूसरी दुकाने जनहित में खोली जाना।	प्रक्रिया पूर्ण होने पर दुकान आवंटन की आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।	प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का क्रियान्वयन मार्च 2014 से किया गया। उक्त अधिनियम के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सामग्री प्राप्त करने हेतु म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2015 अधिसूचित किया गया है जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में दुकान संख्या का निर्धारण 800 परिवार प्रति दुकान के मान से किए जाने का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
					10013/2016 में मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2015 की विभिन्न कंडिकाओं को चुनौती देने के कारण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वर्तमान अनुज्ञप्तिधारी दुकानदारों की दुकानों को यथावत चलते रहने के निर्देश जारी करने के कारण नगरीय क्षेत्र में दुकानों का युक्तियुक्तीकरण नहीं किया जा सकता है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-8-126/2011/29-1 भोपाल दिनांक 24.07.2018	

(15) नगरीय विकास एवं आवास विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्यवाही	समिति की अनुशंसा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
230.	118	अता.प्र.सं. 19 (क्र. 862) दि. 19.07.2011	सागर जिले के नगर पालिका खुरई के विकास प्रारूप 2021 का अनुमोदन की कार्यवाही की जाना ।	विकास योजना 2021 (प्रारूप) के अनुमोदन की कार्यवाही विचाराधीन है ।	खुरई विकास योजना 2021 को मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा-19(2) में प्रकाशित करने हेतु प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त किया जा रहा है । **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ-9-81/2011/32, दिनांक 29.09.2014	कोई टिप्पणी नहीं
231.	286	ता.प्र.सं. 01 (क्र. 981) दि. 14.07.2011	भोपाल नगर निगम सीमा में बी.आर.टी.एस. योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों का अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं की जानकारी माननीय सदस्य श्री आरिफ अकील जी को उपलब्ध कराई जाना ।	मैं यह जानकारी मा. सदस्य को दो दिन में पेश कर दूंगा कि किस-किस तारीख को गये और क्या-क्या अनियमिततायें पाई गई ।	माननीय सदस्य महोदय को दिनांक 17.07.2011 को जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 228/2682/2019/18-2, दिनांक 09.07.2019	कोई टिप्पणी नहीं
232.	287	ता.प्र.सं. 05 (क्र. 332) दि. 14.07.2011	टीकमगढ़ नगरपालिका परिषद में वरिष्ठों को छोड़कर कनिष्ठों की पदोन्नति दी जाने में हुई अनियमितता की जांच एवं कार्यवाही ।	(1) नियुक्तियां और पदोन्नति की जांच प्रचलित है जांच निष्कर्ष के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी । (2) इसकी जांच चल रही है और जांच होने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । (3) दो महीने में पूरी कर ली जाएगी।	प्रकरण में उप संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर ने जांच कर प्रतिवेदन पत्र क्र. 1995 दिनांक 04.08.2011 द्वारा प्रेषित किया है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार जिला चयन समिति की बैठक दिनांक 09.11.2011 की अनुशंसा पर श्री जयशंकर सोनी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर तथा श्री भगवती प्रसाद रायकवार देवेभो, कर्मचारी को भृत्य के पद पर छानबीन समिति की बैठक दिनांक 05.06.08 की अनुशंसा पर पीआईसी संकल्प क्र. 10 दिनांक 06.12.2010 के निर्णय अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी, टीकमगढ द्वारा नियमित किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 11-82/2011/18-1, दिनांक 21.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
233.	288	ता.प्र.सं. 15 (क्र. 997) दि. 14.07.2011	वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 में सागर संभाग के नगरीय निकायों के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरण के आदेश का पालन न किए जाने के दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा स्थानांतरित कर्मचारियों को कार्य मुक्त किया जाना।	जांच निष्कर्ष के आधार पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।	प्रकरण में उप संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग सागर द्वारा जांच की गई। निम्न कर्मचारियों द्वारा मा. उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त किया गया है, जिस कारण वे न्यायालयीन आदेश के पालन में पूर्ववत पदस्थ न्यायालयीन आदेश के पालन में पूर्ववत पदस्थ है:- 1. श्री संजेश नायक, प्र.मु.न.पा.अधि. हटा। 2. श्री रामशंकर व्यास, रा.नि. हटा। 3. श्री अशोक दीक्षित, उपयंत्री छतरपुर। 4. श्री बसंत कुमार चतुर्वेदी, रा.नि. छतरपुर। 5. श्री शंकरलाल सोनी, स.वर्ग-3 छतरपुर। (2) शेष कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया जा चुका है। स्थगन हटाने हेतु संबंधित प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए गए है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 11-84/2011/18-1, दिनांक 21.02.2012 **अद्यतन जानकारी** :- प्रकरण में उप संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग सागर द्वारा जांच की गई। जांचोपरांत बताया गया कि निम्न कर्मचारियों द्वारा मा.उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त होने के कारण पूर्ववत पदस्थ थे, किंतु वर्तमान में निम्न निकायों में अधिकारी/कर्मचारी पदस्थ है:- 1. श्री संजेश नायक, स्वच्छता निरीक्षक, न.प. छतरपुर 2. श्री अशोक दीक्षित, उपयंत्री नगर पालिका डिंडोरी 3. श्री बसंत कुमार चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक, प्रभारी सीएमओ खजुराहो। निम्न कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है:- 1. श्री रामशंकर व्यास, राजस्व निरीक्षक 2. श्री शंकरलाल सोनी, स.वर्ग-3 **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2741/4490/2021/18-1, दिनांक 19.09.2021	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
234.	289	ता.प्र.सं. 18 (क्र. 937) दि. 14.07.2011	नरसिंहपुर नगर पालिका क्षेत्र में घटिया सड़क निर्माण कार्य करने वाली एजेंसियों पर कार्यवाही।	सुरक्षा निधि जप्त कर सड़क सुधार कार्य हेतु निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है।	निकाय द्वारा घटिया सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों की जमा राशि जब्त कर निविदा आमंत्रित कर ठेकेदारों को कार्यादेश दे दिये गये है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 569/464/2012/18-2, दिनांक 25.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं
235.	290	ता.प्र.सं. 24 (क्र. 1038) दि. 14.07.2011	बालाघाट जिले की सलाजखंड नगरपालिका परिषद को पेंशन अंशदान निधि की राशि लौटाई जाना।	6 किश्तों में निकाय से देय चुंगी क्षतिपूर्ति माह जुलाई, 2011 से दिसम्बर, 2011 तक की अवधि में समायोजित कर लौटाई जायेगी।	संचालनालय द्वारा नगर पालिका परिषद, मलाजखंड को निम्नानुसार राशि लौटाई जा चुकी है:- पेंशन निधि रूपये 36,51,410.00 परिवार कल्याण निधि 23,150.00 **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 11-86/2011/18-1, दिनांक 15.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं
236.	291	ता.प्र.सं. 25 (क्र. 376) दि. 14.07.2011	नगर पंचायत भानपुरा में ऊंची दरों पर सौर ऊर्जा लाइट क्रय करने वाले दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना।	शेषांक के लिए दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।	सौर ऊर्जा लाईट क्रय में कलेक्टर मंदसौर के प्रतिवेदन दिनांक 19.01.2011 के पालन में कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन द्वारा जांच की गई। जांच प्रतिवेदन में सौर ऊर्जा लाईट सामग्री क्रय में आर्थिक क्षति रू. 11,39,550/- पाए जाने पर श्री विवेक जैन, तत्का. सीएमओ (स्वास्थ्य अधिकारी) एवं श्रीमती किरण भाना, पूर्व अध्यक्ष के विरूद्ध 50-50 प्रतिशत रू. 11,39,550/- की वसूली हेतु आरोप पत्र/कारण बताओ सूचना पत्र विभागीय ज्ञाप एफ 11-86/2011/18-3 दिनांक 25.06.12 द्वारा जारी किए गए। तत्पश्चात संबंधितों की सुनवाई की जाकर निकाय को हुई क्षति रू. 11,39,550/- का 50-50 प्रतिशत रू. 5,59,775/- की राशि वसूल करने का आदेश दिनांक 30.06.15 द्वारा पारित किया जा चुका है। श्री विवेक जैन वर्तमान में स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर नगर पालिक निगम उज्जैन में पदस्थ है। श्री जैन से क्षति की राशि वसूली हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम उज्जैन को निर्देशित किया गया है। श्रीमती किरण भना, अध्यक्ष द्वारा वसूली के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में याचिका क्रमांक डब्ल्यु.पी. 6009/15 प्रस्तुत कर स्थगन दिनांक 02.09.02.09.2015 को प्राप्त किया गया है। चूंकि प्रकरण में माननीय न्यायालय से स्थगन प्राप्त है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 585/1672/2015/-3, दिनांक 21.03.2016	कोई टिप्पणी नहीं
237.	292	परि.ता.प्र.सं. 07	नगर पालिका परिषद पन्ना	6 माह में भुगतान कराया जा सकेग।	नगर पालिका परिषद, पन्ना के सेवानिवृत्त 04 कर्मचारियों के पेंशन	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
		(क्र. 190) दि. 14.07.2011	अंतर्गत अप्रैल, 2010 से प्रश्न दिनांक तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, छठवे वेतनमान का एरियर एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान किया जाना।		एवं अन्य सेवा निवृत्ति हितलाभों का भुगतान किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 11-85/2011/18-1, दिनांक 15.02.2012	
238.	293	परि.ता.प्र.सं. 13 (क्र. 281) दि. 14.07.2011	जबलपुर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नजूल ब्लाक नं. 91 भरतीपुर के भूखण्ड क्रमांक 112 पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जाना।	अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी।	नगर पालिक निगम जबलपुर के स्वामित्व की नजूल भूमि, नजूल ब्लॉक नं. 11 भरतीपुर (जबलपुर) प्लांट नं. 112 रकबा 3450 वर्गफुट जो कि कांजी हाऊस के नाम दर्ज है, पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण किया गया है, निमिर्त भवन का कब्जा दिनांक 28.11.2011 को नगर निगम जबलपुर द्वारा प्राप्त कर लिया गया है, जिसमें मेयर-इन कौंसिल के संकल्प क्रमांक 470 दिनांक 30.12.2011 के निर्णयानुसार उक्त भवन में वार्ड कार्यालय संचालित किया जा रहा है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 1679/248/2012/18-2, दिनांक 26.03.2012	कोई टिप्पणी नहीं
239.	294	ता.प्र.सं. 01 (क्र. 2413) दि. 21.07.2011	नगर पंचायत ईसागढ़ में वर्ष 2006-07 से वर्ष 2010-11 तक में संविदा पर नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विरूद्ध दर्ज अपराधिक प्रकरण पर कार्यवाही।	इसमें एक मुकदमा 307 का गंभीर है उसमें निश्चित रूप से कार्यवाही करेंगे जल्दी कार्यवाही कर देंगे।	नगर परिषद ईसागढ के श्री रामस्वरूप गोपीलाल एवं श्री सुनील पुत्र भगवानलाल अस्थाई सफाई श्रमिकों के विरूद्ध आई.पी.सी. की धारा 307 के प्रकरण दर्ज थे, जिन्हें माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अशोकनगर द्वारा सत्र वाद क्र. 505/08 में निर्णय दि. 26.03.2009 द्वारा दोष मुक्त कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 11-96/2011/18-1, दिनांक 14.02.2012	कोई टिप्पणी नहीं
240.	295	ता.प्र.सं. 06 (क्र. 1797) दि. 21.07.2011	(1) सबलगढ़ नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में पेयजल निदान हेतु टंकी निर्माण का अपूर्ण कार्य पूर्ण करवाया जाने के लिये राशि उपलब्ध कराने के संबंध में की कार्यवाही। (2) सबलगढ़ नगर के सौंदर्यीकरण एवं फुटपाथ बनाने के लिये विशिष्ट अनुदान राशि स्वीकृत किया जाना। (3) नगर पालिका सबलगढ़ में	(1) वार्ड क्र. 12 एवं 13 में टंकी निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित की जा रही है। (2) पूर्व में दिये गये विशेष अनुदान के कार्य पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर पात्रता अनुसार अनुदान दिये जाने पर विचार किया जावेगा। (3) टंकी के निर्माण में कुल 16 लाख रूपये खर्च होगा आपको 6 लाख रूपये ओर मैं दे दूंगा और आपका	(1) वार्ड क्र. 12 एवं 13 में पेयजल व्यवस्था हेतु आवंटित राशि 16.00 लाख रू. प्राप्त हुआ था जिसमें टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। (2) विशेष अनुदान राशि प्राप्त हुई जिससे कार्य कराया जा चुका है। (3) मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत 2 टंकी एवं 3 सम्पवैल का निर्माण कार्य एवं समस्त नगर पालिका क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार का कार्य कराया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 3745/4404/2016/18-2, दिनांक 03.09.2016	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
			सी.सी. रोड़ और टाउन हाल तथा नवीन टंकी निर्माण का प्रस्ताव 63 लाख की स्वीकृति हेतु कार्यवाही।	कार्य पूरा कर दूंगा और आवश्यकता होगी तो और राशि भी आपको देंगे मा.मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है वह पूरी की जायेगी।		
241.	296	ता.प्र.सं. 09 (क्र. 1804) दि. 21.07.2011	(1) जबलपुर नगर में फेस-1 एवं फेस-2 की सीवर लाइन के लिये खोदी गई सड़कों का रिकस्ट्रक्शन। (2) जबलपुर शहर की धंसी हुई सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण तथा सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण न होने तक ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाई जाना। (3) जबलपुर नगर के बी.आई.पी. रोड़ के 6-6 महीने से खुदे होने की जांच एवं दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा खुदे हुए रोड़ों की मरम्मत की जाना। (4) जबलपुर शहर की सवीर लाइन के रीकंस्ट्रक्शन के कार्य की जांच के दायरे में सौ मीटर के अंतराल में कोर टेस्टिंग एवं हगईटो टेस्टिंग कराई जाना।	(1) ए.डी.बी. का सीवेज लाइन का फेस-1, 81 करोड़ 14 लाख का है इसको हमे दिसम्बर 2012 तक पूर्ण करना है हम पूरी कोशिश करेंगे की दिसम्बर तक पूरा हो जाये फेस-2 जे.एन.एन.यू.आर.एम. का है वह 141 करोड़ 12 लाख का है और उसको 2012 तक हमे पूर्ण करना है तो हम कोशिश करेंगे कि समय सीमा में हो जाये। (2) मुख्य अभियंता के द्वारा वहां के जो कमिश्नर है उनको निर्देशित किया है कि जहां पर सड़क धंस रही है वहां पर गुणवत्ता का परीक्षण करें ओर तब तक ठेकेदार को कोई भुगतान न करे जब तक की यह काम पूरा न हो जाये। (3) हमने हमारे चीफ इंजीनियर को मुख्य अभियंता को वहां पर भेजा था ओर वह सारी जांच कर रहे है 31 जुलाई तक वह सारी रिपोर्ट पेश हो जायेगी और जहां-जहां जो कमी है या जिस प्रकार की गड़बड़ है उसकी जांच करके जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही करेंगे। मरम्मत एक डेढ महीने में कर देंगे। (4) यह जो सुझाव दिया है उसको भी हम जोड़ लेंगे उसके अंदर।	जबलपुर नगर में जुलाई 2011 की स्थिति में फेज 1 एवं फेज-2 की सीवर लाईन के लिये खोदी गयी सड़कों के रिकंस्ट्रक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिन स्थलों पर हाल में सीवर लाईन डाली गई है उन स्थलों पर सड़कों के रिकंस्ट्रक्शन का कार्य प्रगति पर है। फेस-1 के अंतर्गत सीवर कार्य का ठेका निरस्त किया जा चुका है। शेष कार्य पूर्ण करने की कार्यवाही प्रगति पर है। (2) जबलपुर शहर में सीवर लाईन बिछाने एवं सड़कों के रिकंस्ट्रक्शन के उपरांत जिन स्थलों पर सड़क घंसी है वहां गुणवत्ता का परीक्षण किया गया है एवं सड़कों के पूर्ण पुननिमा्रण होने तक ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है। सड़क के धंसने पर या उसकी गुणवत्ता खराब होने पर ठेकेदार द्वारा या उसकी रिस्क एवं कास्ट पर सुधार कार्य किया जायेगा। (3) जबलपुर नगर की वी.आई.पी. रोड़ का पुननिर्माण पूर्ण हो चुका है। जुलाई 2011 की स्थिति में फेज-1 एवं फेज-2 की सीवर लाईन के लिये खोदी गयी सड़कों के रिकंस्ट्रक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिन स्थलों पर हाल ही में सीवर लाईन डाली गई है उन स्थलों पर सड़कों के रिकंस्ट्रक्शन का कार्य प्रगति पर है। (4) कोर टेस्टिंग का कार्य किया जा चुका है जिन स्थलों पर कोर टेस्टिंग के निष्कर्ष उपयुक्त नहीं पाये गये है वहां ठेकेदार को भुगतान नहीं किया गया है। हाइड्राटेस्टिंग हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। जहाँ हाइड्राटेस्टिंग नहीं की जा रही है, वहां अनुबंध की शर्तो के अनुसार भुगतान रोका जा रहा है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 258/242/12/18-2, दिनांक 18.07.2012	कोई टिप्पणी नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
242.	297	ता.प्र.सं. 11 (क्र. 2403) दि. 21.07.2011	नगर पालिका मुरैना अंतर्गत मेलाग्राउण्ड में सड़क निर्माण के शेष कार्य को पूर्ण कराये जाने की समयावधि।	बाकी के 25 लाख रूपये हम ओर देंगे ओर एक महीने में इसको पूरा कर देंगे।	नगर पालिका मुरैना द्वारा मेला ग्राउण्ड में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 6105/4456/2015/18-1, दिनांक 15.12.2015	कोई टिप्पणी नहीं
243.	298	परि.ता.प्र.सं. 18 (क्र. 1360) दि. 21.07.2011	मंदसौर नगर पालिका में नामांतरण के दर्ज आवेदनों का निराकरण किया जाना।	पी.आई.सी. द्वारा शीघ्र एजेण्डा जारी कर आवेदनों का अविलंब निराकरण कराया जायेगा।	निकाय द्वारा पूर्व में प्रेषित अन्तरिम उत्तर में 414 नामांतरण प्रकरणों के निराकरण की संख्यातम जानकारी प्रेषित की गई थी। वर्तमान स्थिति में समस्त 623 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2070/2445/2019/18-2, दिनांक 27.06.2019	कोई टिप्पणी नहीं
244.	299	परि.ता.प्र.सं. 29 (क्र. 1638) दि. 21.07.2011	ग्वालियर नगर निगम में उपयंत्रियों की पूर्ति हेतु कार्यवाही।	पांच पद स्वीकृति हेतु निगम द्वारा प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है जो परीक्षणाधीन है।	नगर पालिक निगम ग्वालियर के प्रस्तावानुसार नवीन सेटअप में उपयंत्री के 05 पद सम्मिलित करने का प्रशासकीय निर्णय लिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** एफ 11-97/2011/18-1, दिनांक 04.07.2012	कोई टिप्पणी नहीं
